


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 119

ग्वालियर, शनिवार, 19 जून, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## वन-टू-वन

### ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी को थप्पड़ जड़ने वाले शख्स की मौत

**कलकत्ता ए)।** पश्चिम बंगाल में 2015 में एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी को जिस शख्स ने थप्पड़ जड़े थे, उसकी मौत हो गई है। अभिषेक बनर्जी को कभी थप्पड़ जड़ने वाले भाजपा से जुड़े देबाशीष आचार्य की गुरुवार को रहस्यमय ढंग से मौत हुई है। बताया जा रहा है कि कुछ अज्ञात लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया और कुछ देर बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। परिवार ने इसे हत्या करार दिया है। तड़के देवाशीष आचार्य को गंभीर रूप से घायल हालत में मिदनापुर के तमलुक जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के रिकॉर्ड से पता चलता है कि उन्हें कुछ अज्ञात लोगों द्वारा सुबह 4.10 बजे लाया गया, जो जल्द ही चले गए। उनकी मौत दोपहर में हुई। जब उनके परिवार को अस्पताल पहुंचने पर रहस्यमय मौत के बारे में पता चला और तो उन्होंने दावा किया कि देवाशीष की हत्या कर दी गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बीजेपी नेताओं ने अब देवाशीष आचार्य की मौत पर सवाल उठाए हैं। बता दें कि देवाशीष 2020 में भाजपा में शामिल हुए थे। पुलिस ने अपनी प्रारंभिक जांच में पाया कि देवाशीष आचार्य 16 जून की शाम अपने दो दोस्तों के साथ बाहर गए थे। वह चाय की दुकान पर भी रुके थे और वहां से अचानक चले गए थे। बता दें कि देबाशीष आचार्य सबसे पहले 2015 में उस दौरान सुर्खियों में छाए थे जब उन्होंने एक राजनीतिक कार्यक्रम में अभिषेक बनर्जी को भरी जनसभा में थप्पड़ जड़ दिया था। हालांकि, इसके बाद टीएमसी समर्थकों ने उनकी खूब पिटाई की थी। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार भी किया था, मगर अभिषेक बनर्जी के दखल पर रिहा कर दिया गया था।

### मेहुल चोकसी को डोमिनिका कोर्ट ने दिया जेल भेजने का आदेश

**नई दिल्ली(ए)।** डोमिनिका की एक अदालत ने कारोबारी मेहुल चोकसी को जेल भेजने का आदेश दिया, फिलहाल अस्पताल में उसका इलाज चलेगा क्योंकि उसकी तबीयत बिगड़ी हुई है। भारत में चोकसी के वकील ने यह जानकारी दी। इससे पहले हीरा कारोबारी चोकसी पुलिस हिरासत में था। वकील विजय अग्रवाल ने कहा, पुलिस हिरासत को जेल हिरासत में बदल दिया गया है, लेकिन वह अस्पताल में ही रहेंगे क्योंकि उनकी चिकित्सीय स्थिति बिगड़ी हुई है। इस घटनाक्रम को भारत के लिए आशा की किरण के रूप में देखा जा रहा है जिसने डोमिनिका उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाकर चोकसी के वकीलों द्वारा दायर मामले में एक पक्ष बनाने की अपील की है। चोकसी की जमानत याचिका पहले ही खारिज हो चुकी है। चोकसी सरकार द्वारा संचालित पंजाब नेशनल बैंक से लगभग 13,500 करोड़ रुपये की कर्ज धोखाधड़ी के एक मामले में भारत में वांछित है।

### तमिलनाडु सीएम स्टालिन ने सोनिया और राहुल से की मुलाकात

**नई दिल्ली (ए)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शुक्रवार को नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। हाल ही में मुख्यमंत्री का पदभार संभालने के बाद स्टालिन की कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के साथ यह पहली मुलाकात है। सोनिया गांधी के आवास 10 जनपथ पर यह मुलाकात हुई। इस मौके पर स्टालिन की पत्नी दुर्गावती स्टालिन भी मौजूद थीं। इस मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने कहा कांग्रेस तमिलनाडु को मजबूत एवं समृद्ध बनाने के लिए द्रमुक के साथ मिलकर काम करती रहेगी। उन्होंने इस मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और मुझे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और दुर्गावती स्टालिन से मिलकर खुशी हुई। हम मजबूत और समृद्ध तमिलनाडु के निर्माण के लिए द्रमुक के साथ मिलकर काम करते रहेंगे। गौरतलब है कि गत अप्रैल में हुए तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में द्रमुक, कांग्रेस और कुछ अन्य दलों के गठबंधन ने शानदार जीत हासिल की। स्टालिन ने पहली बार राज्य के मुख्यमंत्री का पदभार संभाला है।

### जिस दिन पेट्रोल-डीजल के दाम न बढ़ें तो बड़ी खबर बन जाती है : राहुल

**नई दिल्ली (ए)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर शुक्रवार को केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस सरकार के कार्यकाल में विकास का यह हाल है कि जिस दिन पेट्रोलियम उत्पादों के दाम नहीं बढ़ते हैं, तो बड़ी खबर बन जाती है। उन्होंने ट्वीट किया मोदी सरकार के विकास का यह हाल है कि अगर किसी दिन पेट्रोल-डीज़ल के दाम न बढ़ें तो ज़्यादा बड़ी ख़बर बन जाती है! कांग्रेस पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का मुद्दा पिछले कुछ हफ्तों से लगातार उठा रही है। उसकी मांग है कि पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले उत्पाद शुल्क में कमी करके कोविड-19 महामारी के समय आम लोगों को राहत प्रदान की जाए।

# अयोध्याः जमीन खरीद विवाद पर बढ़ा जांच का दबाव

## भविष्य में ऐसी डील के लिए ली जा सकती है एक्सपर्ट की मदद, ट्रस्ट के एक सदस्य ने कहा कि लेन-देन को टाला जा सकता था

### निर्वाणी अखाड़े के महंत धर्म दास ने ट्रस्ट को भ्रष्ट करार दिया

**नई दिल्ली(ए)।** पिछले कई दिनों से राम मंदिर का निर्माण करा रहे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। आमआदमि पार्टी और समाजवादी पार्टी ने रामजन्म भूमि ट्रस्ट पर जमीन खरीद के मामले में भ्रष्टाचार का आरोप लगा है, इसके बाद यह मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। ऐसे में ट्रस्ट पर जांच कराने को लेकर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। दोने पार्टियों ने कहा कि जिस जमीन की कीमत 2 करोड़ रुपये थी, उसे 5 मिनट बाद ही 18.5 करोड़ में खरीदकर बड़ा घोटाला किया गया है। इस बीच पता चला है कि जमीन के लेन-देन के दौरान ट्रस्ट के तीन सरकारी प्रतिनिधियों से मदद या राय नहीं मांगी गई थी। लग रहा है कि जमीन का सौदा मुख्य रूप से ट्रस्ट के सचिव और विहिप नेता चंपत राय और सदस्य अनिल मिश्रा के द्वारा किया गया। ज़मीन का कोई स्वतंत्र या विशेषज्ञ मूल्यांकन भी नहीं किया गया था। ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के प्रतिनिधि महंत कमल नयन दास ने ट्रस्ट के सदस्यों पर किसी भी फैसले की सूचना अध्यक्ष को नहीं देने का आरोप लगाया है। ट्रस्ट के एक अन्य सदस्य ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि लेन-देन को टाला जा सकता था। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट को जमीन बेचने वालों के आने का इंतजार करना चाहिए था न कि ट्रस्ट को मांगना चाहिए था। सदस्य ने कहा, ऊपर से देखें तो ये डील जनता की नजर में संदेहास्पद लगती है।

पूरे घटनाक्रम पर केंद्र सरकार की कड़ी नजर है। कहा जा रहा है कि केंद्र भविष्य में इस तरह की खरीद के लिए एक बेहतर प्रक्रिया पालन करने के पक्ष में है। इसके तहत जमीन का मूल्यांकन करने के लिए विशेषज्ञों की एक कमेटी का गठन किया जा सकता है। इसी दौरान ये कमेटी जमीन बेचने वालों से बातचीत भी कर सकती है। ट्रस्ट को ये भी सुझाव दिया जा सकता है कि इस तरह के लेनदेन और कानूनों की बारीक वैधता का अध्ययन करने के लिए ट्रस्ट में तीन सरकारी



प्रतिनिधियों की मदद लें। अयोध्या के प्रमुख संत जैसे राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास, हनुमानगढ़ी के पुजारी राजू दास और स्वामी स्वरूपानंद सौदे पर सवाल उठा रहे हैं। निर्वाणी अखाड़े के महंत धर्म दास, जो सुप्रीम कोर्ट में राम मंदिर मामले में एक पक्षकार थे उन्होंने ट्रस्ट को भ्रष्ट करार दिया है। जबकि रामल्या ट्रस्ट के स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने जांच की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने ट्रस्ट से चंपत राय और अनिल मिश्रा को हटाने की मांग की है।

ट्रस्ट के एक सदस्य ने बताया कि इन सभी संतों को सरकार द्वारा राम मंदिर ट्रस्ट में सदस्यों के रूप में शामिल नहीं किया गया था। और इसी के चलते ये सब पहले से ही नाराज हैं। गुरुवार को ताजा खुलासे के बाद ट्रस्ट ने चुप्पी साध ली है। समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी द्वारा इस मामले को उजागर करने के बाद अब यूपी में कांग्रेस भी ट्रस्ट को घेरने में जुट गई है। समाजवादी पार्टी अब अपने नेता और अयोध्या के पूर्व विधायक पवन पांडे द्वारा इस मामले का खुलासा करने के बाद अब और अधिक सतर्क हो गई है। समाजवादी पार्टी के एक नेता ने बताया, %हमें एक संतुलन बनाए रखना होगा। क्योंकि हम उत्तर प्रदेश में 2022 के चुनाव से पहले अपने हिंदू मतदाता को बदनाम नहीं सर सकते। आप और कांग्रेस की यूपी में बहुत कम हिस्सेदारी है, इसलिए वे जितना चाहें उतना आगे बढ़ सकते हैं। हम जांच की मंग करते हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि ऐसे विपक्षी दल हमेशा मंदिर के खिलाफ थे और ट्रस्ट द्वारा इसके निर्माण में बाधा डालना चाहते थे। मौर्य ने कहा है कि अयोध्या में कारसेवकों पर गोली चलाने का आदेश देने वाले समाजवादी पार्टी के नेताओं को इस मामले पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। समाजवादी पार्टी ने हालांकि कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के मामले को निपटाने के बाद वो मंदिर निर्माण के विरोध में नहीं है।

## 1 लाख से अधिक अग्रिम पंक्ति के जांबाजों का प्रशिक्षण

# कोरोना जांबाजों को सहयोग देने के लिये 1 लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया जायेगाः पीएम मोदी

**नई दिल्ली (ए)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोविड-19 अग्रिम पंक्ति के कर्मियों के लिये 'विशेष क्रैश-कोर्स' कार्यक्रम लॉन्च किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 राज्यों के 111 केंद्रों में चलाया जायेगा। इस पहल के तहत लगभग 1 लाख अग्रिम पंक्तियों के कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस अवसर पर कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय, कई अन्य केंद्रीय मंत्री, राज्यों के मंत्री, विशेषज्ञ और अन्य हितधारक उपस्थित थे। पीएम मोदी ने कहा कि आज की यह शुरूआत कोरोना से लड़ने का एक अहम कदम है। प्रधानमंत्री ने आगाह किया कि वायरस इस समय मौजूद है और उसके म्यूटेशन की संभावना बनी हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महामारी की दूसरी लहर ने बता दिया कि वायरस कैसी-कैसी चुनौतियां हमें दे सकता है। देश को हर चुनौती से निपटने के लिये तैयार रहना चाहिये और 1 लाख से अधिक अग्रिम पंक्ति के जांबाजों का प्रशिक्षण इसी दिशा में उठाया गया कदम है। प्रधानमंत्री ने हमें याद दिलाया कि महामारी ने दुनिया के हर देश, संस्था, समाज, परिवार और लोगों के हौसले को आज़माया है। साथ ही, इससे हम चौकन्ने भी हुये हैं कि हमें विज्ञान, सरकार, समाज, संस्था या व्यक्ति के स्तर पर अपनी क्षमता बढ़ानी होगी। भारत ने यह चुनौती स्वीकार की। कोविड उपचार और देखभाल के क्षेत्र में पीपीई किट, जांच और अन्य चिकित्सा संरचना में हमारी वर्तमान मजबूत हैसियत इस



बात की गवाह है कि हमने इस दिशा में कितना प्रयास किया है। मोदी ने बताया कि दूर-दराज के इलाकों में मौजूद अस्पतालों को वेंटीलेटर और ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मुहैया कराये जा रहे हैं। युद्स्तर पर 1500 से अधिक ऑक्सीजन प्लांट लगाये जा रहे हैं। इन सभी प्रयासों के बीच, कुशल श्रमशक्ति भी बहुत अहमियत रखती है। इस सिलसिले में और कोरोना जांबाजों की मौजूदा फौज को सहयोग देने के लिये एक लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह प्रशिक्षण दो-तीन महीने में पूरा हो जायेगा।

पीएम मोदी ने बताया कि देश के शीर्ष विशेषज्ञों ने छह कोर्स तैयार किये हैं, जिन्हें आज लॉन्च किया जा रहा है। ये सारे कोर्स राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की मांग पर तैयार किये गये हैं। छह विशेष कामों के मद्देनजर कोविड जांबाजों को प्रशिक्षण दिया जायेगा, जिनमें होम-केयर सपोर्ट, बेसिक केयर सपोर्ट, एडवांस केयर सपोर्ट, इमरजेंसी केयर सपोर्ट, सैम्पल कलेक्शन सपोर्ट और मेडिकल इक्विपमेंट सपोर्ट शामिल हैं। इन कोर्सों में ताजा कौशल विकास और कौशल विकास को बढ़ाना भी शामिल किया गया है। यह प्रशिक्षण उन लोगों को दिया जायेगा, जिन्हें इस तरह के कामों का पहले प्रशिक्षण प्राप्त हो चुका है।

## वर्ष 2024 तक सड़क दुर्घटना से होने वाली मौतों को 50% तक कम करने का लक्ष्यः मंत्री गडकरी



**नई दिल्ली (ए)।** सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2024 तक सड़क दुर्घटना से होने वाली मौतों में 50 प्रतिशत तक की कमी लाने का है। गडकरी ने फिक्की को सुरक्षित प्रणाली दृष्टिकोण पर आधारित सड़क सुरक्षा कंसोर्टियम %सफर% की घोषणा पर तथा कॉर्पोरेट जगत के लिए सड़क सुरक्षा पर श्वेत पत्र जारी करने की बधाई दी। गडकरी ने हर राज्य, जिले और शहर में ब्लैक स्पॉट की पहचान करने की आवश्यकता पर बल दिया। मंत्री महोदय ने कहा कि विश्व बैंक और एडीबी ने पहले ही एक योजना को मंजूरी दे दी है जिसके द्वारा सरकार राज्यों, एनएचएआई और अन्य हितधारकों के लिए ब्लैक स्पॉट ख़त्म करने के लिए 14,000 करोड़ रुपये आवंटित कर रही है। मंत्री गडकरी ने कहा कि उनका मंत्रालय सड़क सुरक्षा के चार ई, यानी इंजीनियरिंग (सड़क एवं ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग समेत), इकोनॉमी (अर्थव्यवस्था), इंफोर्समेंट और (एजुकेशन) शिक्षा के पुनर्गठन और सुदृढ़ीकरण से सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों को कम करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि कॉर्पोरेट जगत को दुर्घटनाओं के पीछे के कारणों की पहचान करने के लिए स्वतंत्र सर्वेक्षण करना चाहिए। और मंत्रालय को इस बारे में एक रिपोर्ट सौंपी जा सकती है। मंत्री ने बताया कि 50 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएं रोड इंजीनियरिंग की समस्याओं के कारण होती हैं और अब सरकार ने ब्लैक स्पॉट का इलाज करने के लिए विशेष पहल की है। इससे भारत में शून्य सड़क दुर्घटना के नज़रिए की प्राप्ति में काफी योगदान मिलेगा।



### यह सड़कें राष्ट्रीय सुरक्षा और पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगीः रक्षामंत्री राजनाथ

**नई दिल्ली (ए)।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तरी और पूर्वी सीमावर्ती क्षेत्रों में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा निर्मित 12 सड़कों को राष्ट्र को समर्पित किया। कार्यक्रम में अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू, केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), अल्पसंख्यक मामले और आयुष (स्वतंत्र प्रभार) किरण रिजिजू तथा चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत भी उपस्थित थे।

# सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल पीजी फाइनल परीक्षाएं रद्द या स्थगित करने से किया इनकार

**नई दिल्ली (ए)।** उच्चतम न्यायालय ने मेडिकल विश्वविद्यालयों को इस आधार पर परास्नातक की अंतिम वर्ष की परीक्षाएं रद्द या स्थगित करने का निर्देश देने से शुक्रवार को इनकार कर दिया कि परीक्षार्थी-डॉक्टर कोविड-19 की ड्यूटी में लगे हुए हैं। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति एम आर शाह की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि वह सभी विश्वविद्यालयों को परास्नातक की अंतिम वर्ष की मेडिकल परीक्षा नहीं कराने या स्थगित करने का कोई आदेश नहीं दे सकती।

शीर्ष अदालत ने कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद (एनएमसी) ने पहले ही अप्रैल में एक परामर्श जारी कर देश में विश्वविद्यालयों को अंतिम वर्ष की परीक्षाओं की तारीख की घोषणा करते हुए कोविड-19 स्थिति को ध्यान में रखने के लिए कहा है। पीठ ने कहा हमने हस्तक्षेप किया जहां संभव था जैसे कि एम्स, नई दिल्ली द्वारा आयोजित कराई जाने वाली आईएनआई सीईटी परीक्षा को एक माह तक स्थगित करना। इस मामले में हमने पाया कि छात्रों



को तैयारी के लिए उचित समय दिए बिना परीक्षा के लिए तारीख तय करने का कोई औचित्य नहीं है। पीठ ने 29 डॉक्टरों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील संजय हेगड़े की दलील को खारिज कर दिया। इन डॉक्टरों ने रिट याचिका दाखिल कर अनुरोध किया कि एनएमसी को सभी विश्वविद्यालयों को परीक्षा के लिए तैयारी करने के लिए छात्रों को उचित समय देने के निर्देश दिए जाएं। पीठ ने कहा कि हम नहीं जानते कि परीक्षा के लिए तैयारी करने का उचित समय कितना हो सकता है। अदालत कैसे उचित समय का फैसला कर सकती है? विश्वविद्यालय अपने इलाके में महामारी की स्थिति के अनुसार एनएमसी के परामर्श के आधार पर इसका फैसला करें। न्यायालय ने कहा भारत जैसे विशाल देश में महामारी के हालात एक जैसे नहीं हो सकते।

## कोरोना ने दुनिया पर बरपाया कहर

# अबतक 40 लाख जिंदगियां खत्म

**नई दिल्ली (ए)।** कोरोना ने पूरी दुनिया में तबाही मचा रखी है। अब खतरनाक वायरस हजारों लोगों की जान ले रहा है। कई देशों में कोविड-19 की तीसरी लहर ने भी दस्तक दे दी है और कई देशों को कोरोना की तीसरी लहर का डर सता रहा है। इस बीच पूरी दुनिया में कोरोना से मरने वालों का आंकड़ा 40 लाख के पार पहुंच गया है। दुनियाभर के देशों में लोगों बचाने के लिए टीकाकरण अभियान चल रहा है। लेकिन कोरोना वायरस अपने नए-नए रूपों से लोगों में खौफ पैदा कर रह है। फिलहाल डेल्टा प्लस वैरिएंट दुनिया में चिंता का सबब बना हुआ है। रॉयटर्स के मुताबिक दुनिया पर में मौत का आंकड़ा 40 लाख के पार जा चुका है. कोरोना वायरस से हुई मौतों को 20 लाख तक पहुंचने में एक साल का समय लगा लेकिन मौत के आंकड़े को 40 लाख तक पहुंचने में केवल 166 दिनों का समय लगा। दुनिया में पांच देश ऐसे हैं जहां कुल आकड़ों की 50 प्रतिशत मौते हुई हैं- अमेरिका, ब्राजीलस भारत, रूस और मेक्सिको. वहीं पेरू, हंगरी, बोस्निया चेक गणराज्य और जिब्राल्टर में मृत्यु दर सबसे अधिक है। बोलिविया, चिली और उरुग्वे के अस्पतालों में भारी



मात्रा में 25 से 40 साल के बीच के कोरोना मरीजो को देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि पहली लहर के बाद दूसरी लहरों में युवा ज्यादा संक्रमित पाए गए हैं। वहीं ब्राजील के साओ पाउलो में आईसीयू में रहने वालों में से 80 प्रतिशत मरीज कोरोना संक्रमित हैं। ब्राजील और भारत ऐसे देश हैं जहां सात दिनों की औसत पर हर दिन सबसे ज्यादा मौतें दर्ज की जा रही है। बढ़ती मौतों के कारण विकासशील देशों में लोगों का अंतिम संस्कार करने की ले लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है।

अभी दाह संस्कार और लाशों को दफनाने के लिए जगह की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

वन-टू-वन



## महिला सशक्तिकरण की प्रेरणा स्त्रोत हैं रानी लक्ष्मीबाई : कु. शिवानी राठौर

**शिवपुरी।** नारी शक्ति की मिसाल देने वाली रानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि के अवसर पर कु. शिवानी राठौर जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग महिला कांग्रेस शिवपुरी ने गूगल मीट के माध्यम से संबोधित करते हुए बताया कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की ऐसी नायिका रहीं जिनके पराक्रम और साहस का जिक्र आज भी समय समय पर किया जाता है। रानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजी हुकूमत के आगे कभी झुकना स्वीकार नहीं किया और आखिरी दम तक झांसी की रक्षा के लिए अंग्रेजों से लड़ती रहीं। 18 जून के दिन ही उन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए हंसते-हंसते अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया था। रानी लक्ष्मीबाई का पराक्रम और साहस आज की नारियों के लिए प्रेरणादायी है। भारत में जब भी महिलाओं के सशक्तिकरण की बात होती है तो महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की चर्चा जरूर होती है। रानी लक्ष्मीबाई ना सिर्फ एक महान नाम है बल्कि वह एक आदर्श हैं उन सभी महिलाओं के लिए जो खुद को बहादुर मानती हैं और उनके लिए भी एक आदर्श हैं जो महिलाएं सोचती है कि वह महिलाएं हैं तो कुछ नहीं कर सकती।देश के पहले स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली रानी लक्ष्मीबाई के अप्रतिम शौर्य से चकित अंग्रेजों ने भी उनकी प्रशंसा की थी और वह अपनी वीरता के किस्सों को लेकर किंवदंती बन चुकी हैं रानी लक्ष्मीबाई ने कम उम्र में ही साबित कर दिया कि वह न सिर्फ बेहतरीन सेनापति हैं बल्कि कुशल प्रशासक भी हैं। वह महिलाओं को अधिकार संपन्न बनाने की भी पक्षधर थीं। उन्होंने अपनी सेना में महिलाओं की भर्ती की थी। आज कुछ लोग जो खुद को महिला सशक्तिकरण का अगुआ बताते हैं वह भी स्त्रियों को सेना आदि में भेजने के खिलाफ हैं पर इन सब के लिए रानी लक्ष्मीबाई एक उदाहरण हैं कि अगर महिलाएं चाहें तो कोई भी मुकाम हासिल कर सकती हैं.रानी लक्ष्मीबाई एक वीर और साहसी महिला थीं। भले ही उनकी उम्र ज्यादा नहीं थी लेकिन उनके निर्णय हमेशा परिपक्व हुआ करते थे। अंतिम श्वास तक वह अंग्रेजों से लोहा लेती रहीं। उन्होंने स्वतंत्रता के लिए प्रायसरत लोगों के लिए एक आदर्श उदाहरण पेश किया था। ह्यूरोज जो उनके शत्रु से कम नहीं थे, ने स्वयं यह स्वीकार किया था कि उन्होंने जितने भी विरोधियों का सामना किया उनमें सबसे अधिक खतरा उन्हें लक्ष्मी बाई से ही था। वह सबसे अधिक साहसी और दृढ़ निश्चयी थीं। खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी... रानी लक्ष्मीबाई के शौर्य और वीरता पर लिखी प्रसिद्ध कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान की ये यादगार कविता आज भी युवाओं को देशभक्ति के जज़्बे से भर देने का काम करती है।गूगल मीट पर समीक्षा कुशवाह, रानी ओझा, कमलेश जाटव, आदि युवा साथी उपस्थित रहे।



## वैक्सीन कम होने के चलते मध्यदेशीय अग्रवाल समाज के 13 वें दिन केवल एक ही केन्द्र रहा जहाँ केवल 76 टीके लगे

**शिवपुरी।** जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा बैसे तो कोरोना वैक्सीनेशन को लेकर जोर दिया जा रहा हैं । लेकिन शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर एक ही नियमित टीकाकरण के रूप में संचालित होने वाले मध्यदेशीय अग्रवाल धर्मशाला को कोरोना वैक्सीनेशन के लिए सेन्टर बनाया गया जहां एक ही केन्द्र होने के चलते यह केंद्र सुबह 9 बजे से शुरू हुआ वैक्सीनेशन महज केवल दो घंटे ही चला और इसमें भी मौजूद 76 लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया। इसके बाद वैक्सीन यहां उपलब्ध नहीं हुए। जिसे लेकर काफी लोग यहां से बैरंग अपने घर को वापिस लौटे जिसमे लोगो मे निराशा का भाव देखा गया। मध्यदेशीय अग्रवाल समाज के अध्यक्ष गौरव सिंघल ने बताया कि जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के लिए सहयोग स्वरूप समाज की मध्यदेशीय अग्रवाल धर्मशाला को कोरोना टीकाकरण हेतु उपयोग करने के लिए यहां नियमित टीकाकरण शिविर लगाया गया जिसमें लगातार 12 दिनों से टीकाकरण चल रहा था इसी क्रम में आज शुक्रवार को 13वें चरण के तहत जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा वैक्सीन कम उपलब्ध कराई गई जिसके चलते केवल 76 लोगों को यहां कोरोना के टीके लगाए गए। बता दे कि मध्यदेशीय अग्रवाल धर्मशाला परिसर को ही स्वास्थ्य विभाग के द्वारा केवल एक ही नियमित केन्द्र बनाया गया था इसके बाबजूद भी यहां वैक्सीन ना होने के कारण कई सारे लोगों को निराशा का सामना करना पड़ा। इस वैक्सीनेशन शिविर को सफल बनाने में अपना योगदान देने वालों में समाज के अध्यक्ष गौरव सिंघल के साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तम गोयल, महिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती निशा गुप्ता, उपाध्यक्ष अंकित गुप्ता (आंकी) महिला महामंत्री श्रीमती रेणु सिंघल, सहमंत्री शुभम गर्ग (मामा) महिला सहमंत्री श्रीमती रेणु अग्रवाल व प्रचार मंत्री विकास गोयल आदि का महत्वपूर्ण योगदान शामिल है।

कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान

# जिले में 7 दिवस में 1.02 लाख का लक्ष्य कार्ययोजना को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**शिवपुरी।** पूरे प्रदेश भर में कोविड-19 वैक्सीनेशन महाअभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 21 जून से शुरू होकर 30 जून तक चलेगा। शिवपुरी जिले में इस महाअभियान के तहत 1लाख 2 हज़ार 300 लोगों को कोविड वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया है। कोविड से बचाव के लिए वैक्सीन ही सुरक्षा कवच है। इसलिए सभी को वैक्सीन लगना बहुत जरूरी है। इसके लिए जिला प्रशासन भी पूरे प्रयास कर रहा है जिससे कि लोगों को जागरूक किया जा सके और इस महाअभियान के द्वारा अधिक से अधिक वैक्सीनेशन कराया जा सके।वैक्सीनेशन की कार्ययोजना को लेकर शुक्रवार को जिला टास्क फ़ोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री अक्षय कुमार





सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि तैयारियों के लिए विकासखंड स्तर और वार्ड स्तर पर भी बैठक आयोजित करें। इसके साथ ही सभी नोडल अधिकारी ग्राम स्तरीय समितियों के साथ बैठक करें।जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ संजय ऋषीश्वर ने बताया कि बूथ लेवल पर 150 केंद्र चिन्हित कर वैक्सीनेशन कैंप लगाए जाएंगे। इन केंद्रों पर बीएलओ, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ता और स्वास्थ्य व महिला बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर द्वारा इनकी निगरानी की जाएगी। बूथ के लिए सेक्टर ऑफिसर नियुक्त किए जाएंगे। जिला स्तरीय और विकासखंड स्तरीय कंट्रोल रूम के माध्यम से निगरानी की जाएगी। शिवपुरी शहर में 20 केंद्र चिन्हित कर वैक्सीनेशन कैंप लगेंगे।

### महिलाओं के लिए बनेंगे पिंक बूथ

प्रत्येक अनुविभाग में महिलाओं के लिए चिन्हित कर पिंक बूथ बनाए जाएंगे जहां महिला टीम नियुक्ति की जाएगी। इसमें विशेषकर ऐसे क्षेत्रों का चयन किया जा रहा है जहां महिलाओं का वैक्सीनेशन प्रतिशत बहुत कम है ताकि महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई जा सके।हर जनपद में 3-3 बूथ होंगे पुरस्कृत प्रत्येक विकासखंड में सर्वाधिक वैक्सीनेशन वाले 3-3 बूथों का चयन करके उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। इसी प्रकार नगरीय निकायों में एक-एक बूथ और शिवपुरी शहरी क्षेत्र में 3 बूथों को पुरस्कृत किया जाएगा।वैक्सीन प्रेरक करेंगे प्रेरित वैक्सीनेशन के लिए वैक्सीन प्रेरक लोगों को प्रेरित करेंगे। इसमें मंत्रीगण, विधायकगण, अन्यजनप्रतिनिधि, साहित्यकार, समाजसेवी, धर्मगुरु, खिलाड़ी, योगगुरु, शिक्षाविद, मीडिया जगत के प्रबुद्ध जन, सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी एवं जनपद और ग्राम व वार्ड स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट समूह के सदस्य आदि वैक्सीन प्रेरक के रूप में लोगों को प्रेरित करेंगे।

# रेसर बाइक से ज्वैलरी लूटने आए अन्य प्रदेश के बदमाश पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़े

### हत्या और लूट के मामले हैं दर्ज

**शिवपुरी।** जिले के करैरा में हैवी रेसर बाइक से ज्वैलरी लूटने आए राजस्थान के दो बदमाशों को करैरा पुलिस ने पकड़ लिया है। दोनों के खिलाफ लूट के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। इन बदमाशों पर पहले से हत्या और लूट जैसे अपराध पंजीबद्ध हैं। जानकारी के अनुसार सदर बाजार करैरा में विशाल तिवारी की ओम ज्वेलर्स पर दो बदमाश आए और ज्वैलरी का डिब्बा छीनने की कोशिश करने लगे। लेकिन पड़ोसी दुकानदारों को देखकर बदमाश भाग गए। पुलिस ने सूचना मिलते ही चैकिंग शुरू कर दी और हैवी रेसर



बाइक के साथ दोनों बदमाशों को पकड़ लिया।पूछताछ में अपना नाम और पता अपलू (22) पुत्र सरफराज खान निवासी छवड़ा थाना जिला बारां राजस्थान और अकबर अली (28) पुत्र लाल खान निवासी दशहरा मैदान के पास कोटा राजस्थान बताया है। बुधवार की दोपहर करीब 12.30 बजे लूट के प्रयास की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई थी। इसलिए पुलिस को बदमाशों को पकड़ने में और भी आसानी हो गई। बाहर के बदमाश आकर लूट करते हैं, खुलासे में चुनौती खड़ी हो जाती है~ टी आई अमित भदौरिया ने बताया कि राजस्थान सहित अन्य जगहों के बदमाश अक्सर छोटे कस्बों में आकर लूटपाट करके चलते जाते हैं। इसके बाद पुलिस स्थानीय स्तर पर तलाश करती रहती है। इस कारण लूट के मामलों के खुलासे में चुनौती खड़ी हो जाती है। करैरा में पहले भी कभी लूट की घटना की है अथवा नहीं, दोनों बदमाशों से पूछताछ की जा रही है।

# वेदी छत्रचवर भामडल विराजमान किये

**शिवपुरी।** श्री मद् जिनेन्द्र इस त्रिकाल चौबीस आदर्श पंचकल्याणक महा महोत्सव थोवनजी बुधवार मंडल के संयोजन उमेशसिघई ने नेमावर तीर्थ में भगवान को विराजमान करने वाली एक वेदी भगवान के सिर पर रत्न जड़ित त्रय छत्र के साथ ही भव्य भामंडल और प्रभु के दोनों ओर चावर स्थापित करने का सौभाग्य प्राप्त किया ।

सोना कीचड़ में रहकर भी चमक नहीं खोता को संबोधित करते हुए आचार्यश्री ने कहा कि कनक जिसे आप सोना कहते हैं वह कीचड़ में भी पड़ा रहे तो अपनी चमक नहीं खोता लोहा कीचड़ में रहकर कुछ ही दिनों में जंग खा जाता है और अपने वास्तविक स्वरूप को खो देता है हमे कनक की तरह वनाना है



भावों को संभावना है मोवाइल को नहीं आज कल व्यक्ति भावों से अधिक मोवाइल को संभालने में लगा है इससे कुछ भी होने वाला नहीं है आज के विधार्यी पड़ने की जगह मोवाइल में ही लगे रहते हैं सुना है कि अव पड़ाई भी मोवाइल से कर रहे हैं इससे कुछ लाभ आपको नहीं होने वाला ये सब उपरी ज्ञान है विद्या अध्ययन तो ऐकांगता पूर्वक किया जाता है तव वह फल दाई होता हैं।



## फक्कड़ कॉलोनी की रहने वाली महिला की मदद के लिए आगे आये अशोक अग्रवाल

**शिवपुरी।** शहर की वार्ड 38 की रहने वाली महिला ने अपनी आपबीती सुनाई थी कि वीते कुछ रोज पूर्व हुई बेमौसम बारिश से महिला का आशियाना तबाह हो गया था, महिला और उसका दिव्यांग पति और उसकी बेटी जिसका एक मासूम बच्चा भी है। बीते कुछ रोज पूर्व हुई बेमौसम बारिश का शिकार हो गए थे। तेज हवाओं और वारिश ने महिला की कुटिया को तबाह कर दिया था। जिसके बाद से ही महिला खुले आसमान के नीचे दिन और रात अपने परिवार के साथ गुजर करने को मजबूर थी।शांति देवी ने जब अपनी आपबीती समाचार पत्रों के माध्यम से प्रशासन से लेकर, समाजसेवी संगठनों तक लगाई थी।जिसका असर शुक्रवार की सुबह ही देखने को मिला है,पटेल पार्क के संचालक अशोक अग्रवाल के द्वारा पटेल पार्क की सेवा समिति के सदस्यों के साथ सुबह से ही गरीब महिला की कुटिया का पुनः निर्माण कार्य शुरू कर दिया, साथ ही कई समाज सेवी संगठन राशन से लेकर अन्य सामग्री लेकर महिला की मदद के लिए पहुँच रहे हैं। वहीं जिला कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने भी अब इस मामले को संज्ञान में लिया, जिसके बाद मौके पर प्रशासन की टीम को शांति देवी जाटव के घर पहुँचाया है, जहां अब तक शांति देवी को शासन की योजना का क्यों नहीं मिल पा रहा है इसकी बारीकी से जांच की जा रही है।

# करैरा,दिनारा के ग्राम खिरिया में पूर्व मंत्री, विधायक केपी सिंह कक्काजू पहुंचे

### खिरिया सरपंच राम सिंह परिहार के घर पहुंचकर की शोक संवेदना व्यक्त

**शिवपुरी।** गुरुवार को देर शाम पूर्व मंत्री एवं पिछोर विधायक केपी सिंह कक्काजू एवं दिनारा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेंद्र सिंह यादव स्वर्गीय रामहेत परिहार के ग्रह ग्राम खिरिया पुनावली पहुचे एवं शोक संवेदना व्यक्त की कक्काजू ने स्वर्गीय रामहेत परिहार के परिजनों को ढाढस बधाते हुए कहा कि हानि लाभ जीवन मरण जश अपयश विधि हाथ ।। यह सब विधाता के हाथ में हैं हम न आप इसमें क्या कर सकते हैं लेकिन मैंने आज एक विश्वासपात्र और भरोसेमंद व्यक्ति को खो दिया कक्काजू ने कहा कि जब जब मैं ने रामहैत को जो भी जिम्मेदारी सौंपी उसने पूर्ण इमानदारी से निभाई लेकिन आज हम



सबको छोड़कर चला गया यह मेरे जीवन में व्यक्तिगत रूप से बहुत बड़ी क्षति है । जिसकी भरपाई शायद इस क्षेत्र में कोई नहीं कर सकता एवं कक्काजू ने परिजनों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि आप अपने आपको कभी अकेला महसूस मत करना मैं आपके साथ हूं जब भी कोई समस्या आए तो मुझे फोन पर बता देना जिससे मैं समस्या का समाधान कर सकूंएवं दिनारा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रूपा भैया ने कहा की स्वर्गीय रामहेत परिहार हमारे मार्गदर्शक थे जो समय-समय पर मुझे मार्गदर्शन देते रहते थे और आज मैं जिस मुकाम पर हूं । इस मुकाम तक पहुंचाने में उनका महत्वपूर्ण सहयोग रहा एवं रूपा भैया ने परिवार को भरोसा दिलाते हुए कहा कि मेरा घर भी आपके पास में है दिनारा अगर जब भी कोई मदद की आवश्यकता हो तो मेरे घर आ सकते हैं एवं फोन भी लगा सकते हो आपसे मेरा परिवारिक संबंध था और हमेशा रहेगा एवं इस मौके पर दीपक तिवारी दिनारा रघुवीर सिंह परिहार पूर्व सरपंच दावरभांट मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज निजी अस्पतालों की ओपीडी सुबह 8 से शाम 6 बजे तक बंद





**शिवपुरी।** जिले में शुक्रवार को आई एम ए के डॉक्टरों की हड़ताल डॉक्टर निसार अहमद अध्यक्ष आई एम शिवपुरी ने बताया कि डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों पर जो मारपीट की घटनाएं हो रही है उसके विरोध स्वरूप शुक्रवार को आईएएम शिवपुरी के सभी डॉक्टरों ने हड़ताल पर रहने का फैसला लिया है जिसमें सरकारी जिला अस्पताल शासकीय मेडिकल कॉलेज एवं प्राइवेट अस्पताल द्वारा रूटीन ओपीडी सुबह 8~00बजे से शाम 6~00बजे तक बंद रखी जाएगी लेकिन इमरजेंसी, आई सी यू सेवाएं यथावत जारी रहेगी असुविधा के लिए जनता से क्षमा हैं।और आशा करते है कि आप सभी भी डॉक्टरों की व्यथा को समझेंगे और सहयोग करेंगे।जिस तरह कोरोनाकाल मे डॉक्टरों ने अपनी जान जोखिम में डालकर लगातार जनता की सेवा की हैं और कार रहे है एवं आवे भी करते रहेंगे ऐसे में आप सभी नागरिक से अपेक्षा हैं कि डॉक्टरों का मान सम्मान बरकरार रखेंगे और लोगो को भी डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति सद्व्यवहार हेतु जाग्रत करने का कार्य करेंगे।

## कोलारस विधायक वीरेंद्र रघुवंशी ने उचित मूल्य दुकानों को लेकर शिवपुरी कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह को लिखा पत्र

**शिवपुरी।** जिले के कोलारस विधायक श्री वीरेंद्र रघुवंशी ने गुरुवार को शिवपुरी कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह को उचित मूल्य की दुकान को लेकर एक पत्र लिखा हैं जिसमे उन्होंने बताया कि कुछ सेल्समैन राशन वितरण नहीं करते राशन बीच मे ही बेच देते हैं अतः इन सेल्समैन को तत्काल हटाए जाएं और जिन सेल्समैन का रिकॉर्ड सही हैं वहीं दुकानो पर नियुक्ति हो। दोषी सेल्समैन पर कार्रवाई की जावे साथ ही केस दर्ज किया जाए इतना ही नहीं जो राशन खुर्दबुर्द किया जाए उसकी वसूली भी सेल्समैन से होना चाइये जिससे भविष्य में कोई भी सेल्समैन अपने कार्य के प्रति गड़बड़ी नहीं कर सकता जनता के राशन को ठिकाने ना लगाए हैं।

## वन-टू-वन

### जन-जागरूकता शिविर से लोंगो में बढ रहा वैक्सीनेशन कराने का रूझान

**मुरैना।** कोविड अभी गया नहीं है, इसके लिये दो गज की दूरी मास्क है जरूरी के अलावा वैक्सीनेशन ही सुरक्षा कवच है। वैक्सीनेशन कराने के लिये शासन और प्रशासन विशेष जोर दे रहा है। इसके तहत जनपद सीईओ मुरैना शेलेन्द्र सिंह यादव ने 16 जून को 4 ग्राम पंचायतों में और 17 जुलाई को 6 ग्राम पंचायतों में घर-घर जाकर लोंगो को पीले चावल देने का कार्य किया और लोंगो से अपील की है कि शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन करायें। इस प्रकार के जन-जागरूकता शिविर 2 दिवस में 10 पंचायतों में लगाये गये जनजागरूकता शिविर से लोगों में उत्साह दिखने लगा है।

### तीन जुआरियों को न्यायालय ने किया दण्डित

**मुरैना।** मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) डॉ. रश्मि वैभव शर्मा ने घटना के बारे में बताया कि गत 12 अप्रेल को थाना कोतवाली के प्र.आर. विनोद ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर तस्दीक कर अग्रसेन पार्क से आरोपीगण मोनू पुत्र हमीद खान, रिंकू उर्फ रावेन्द्र पुत्र प्रमोद जोशी, दाऊजी पुत्र गिर्राज शर्मा को जुआ खेलते हुए पकडा था। उक्त आरोपीगण के पास से एक 52 पत्तो की ताश की गड्डी व कुल 2080 रूपये मिले। आरोपीगण का कृत्य धारा 13 जुआ एक्ट के तहत दण्डनीय होने से उक्त ताश की गड्डी व पैसे को जप्त कर आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया। थाना वापस आकर आरोपीगण के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर चालान मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी (सी.जे.एम.) मुरैना न्यायालय में पेश किया। जहां पर सुनवाई के दौरान न्यायालय ने आरोपीगण को दोषसिद्ध पाते हुये, 100-100 रूपये कुल 300 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। उक्त प्रकरण में पैरवी एडीपीओ डॉ. रश्मि वैभव शर्मा के द्वारा की गई।

### दुष्कर्म के मामले में सहआरोपी की जमानत याचिका निरस्त

**मुरैना।** दुष्कर्म के मामले में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी (सी.जे.एम.) मुरैना न्यायालय ने सहआरोपी की जमानत याचिका सुनवाई के बाद प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये निरस्त कर दी। उक्त प्रकरण में अभियोजन की ओर से डॉ. रश्मि वैभव शर्मा, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी मुरैना ने अदालत में पक्ष रखा। मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) डॉ. रश्मि वैभव शर्मा ने घटना के बारे में बताया कि, प्रकरण का मुख्य आरोपी कट्टा लगाकर आया और पीडिता को अपने दोस्तों (सहआरोपीगण) के साथ मिलकर जबरदस्ती गाडी में बिठाकर बेहोश कर जयपुर ले गया। जहां पर मुख्यआरोपी ने पीडिता के साथ उसकी सहमति के बिना दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी दी थी। जिसकी रिपोर्ट पीडिता ने थाना कोतवाली में की थी, उक्त रिपोर्ट पर से अपराध पंजीबद्ध कर सहआरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### शनिश्चरी अमावस्या के संबंध में बैठक 22 को

**मुरैना।** 10 जुलाई 2021 को शनिश्चरी अमावस्या है। शनिश्चरी अमावस्या पर तहसील मुरैना के ग्राम ऐंती स्थित श्री शनिदेव मंदिर पर बडी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुये श्री शनिदेव मंदिर पर की जाने वाली व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिये कलेक्टर बी. कार्तिकेयन की अध्यक्षता में बैठक 22 जून 2021 को अपरान्ह 4 बजे रखी गई है। बैठक श्री शनि मंदिर ग्राम ऐंती के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारी स्वयं उपस्थित हों अपने किसी प्रतिनिधि को न भेजें। बैठक में पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार, अपर जिला दण्डाधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, संयुक्त कलेक्टर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री, विद्युत वितरण कंपनी के उपमहाप्रबंधक, पीएमजेएसबाई के महाप्रबंधक, तहसीलदार सहित अन्य विभाग के अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिये गये हैं।

### उर्वरक बैग, बीज एवं कीटनाशक जांच-परख के बाद ही क्रय करें किसान

**मुरैना।** जिले के समस्त कृषकों से अपील है कि वे सहकारी समितियों विपणन केन्द्रों, निजी विक्रेताओं से उर्वरक, कीटनाशक, बीज खरीदते समय यूरिया, डीएपी एवं सुपर फास्फेट उर्वरक बैग, बीज एवं कीटनाशक की अच्छी तरह से जांच-परख करने के बाद ही ऋय करें। ऋय किये गये उर्वरक, कीटनाशक एवं बीज का पक्का बिल दुकानदार से प्राप्त करें। बिल में दर्शाई गई कीमत से अधिक भुगतान न करें। बिना लायसेंस की दुकानों से कोई भी सामग्री ऋय नही करें। पंजीकृत उर्वरक, कीटनाशक एवं बीज विक्रेताओं से ही कृषि आदान सामग्री खरींदे। यदि कृषि आदान सामग्री की गुणवत्ता के संबंध में किसी भी प्रकार की शंका होती है अथवा दुकानदार निर्धारित कीमत से अधिक कीमत मांगता है तो किसान निडर होकर बिना किसी संकोच के अपने विकासखंड अंतर्गत आने वाले कृषि विभाग के अधिकारी से सम्पर्क कर सूचित कर सकते है।

### कृषक प्रशिक्षण सह कार्यशाला भवन का शिलान्यास आज

**मुरैना।** मध्यप्रदेश शासन एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा पोरसा विकासखण्ड के अन्तर्गत खण्ड स्तरीय कृषक प्रशिक्षण सह कार्यशाला भवन का शिलान्यास आज19 जून को केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर अपरान्ह 4 बजे करेंगे। यह भवन 30 लाख रूपये की लागत से बनकर तैयार होगा।

# कलेक्टर ने लापरवाह तीन अधिकारियों को दिया कारण बताओ नोटिस



**मुरैना।** कलेक्टर बी कार्तिकेयन ने अधिकारियों से स्पष्ट निर्देश दिये है कि कोविड को ध्यान में रखते हुये योजनाओं को भी अधिकारी प्राथमिकता दें। लोंगो को समय पर योजनाओं का लाभ मिले। ऐसे प्रयास अधिकारी अवश्य करें। जो अधिकारी शासकीय योजनाओं में लापरवाही बरतेंगे, उन्हें बख्सा नहीं जायेगा। उन्होंने बुधवार को होने वाली टीएल बैठक में तीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर बी कार्तिकेयन ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एडी शर्मा ने जननी सुरक्षा एवं प्रसूति सहायता राशि के भुगतान संबंधित हितग्राहियों के खातों में भेजने में कोई रूचि नहीं दिखाई है। इसके अलावा पहाडगढ विकासखण्ड कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जितेन्द्र राजावत, जौरा ब्लॉक के मनोज वार्ष्णेय द्वारा प्रदेश सरकार के तीन माह का राशन तथा केन्द्र सरकार द्वारा 2 माह का राशन वितरण कराने में कोई रूचि नहीं दिखाई है। इस योजना के तहत उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप बहुत कम लोंगो को खाद्यान्न वितरण कराया है। इस पर कलेक्टर ने तीनों अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।


# शराबी युवक ने कांग्रेस नेता की प्रतिमा का किया अपमान

## लोगों ने पीट-पीटकर किया घायल



**मुरैना।** जिले के पोरसा थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर शाम एक शराबी युवक ने कांग्रेस के लीडर स्व. साधु सिंह तोमर की प्रतिमा पर चढ़कर अपना सिर प्रतिमा के सिर में काफी देर तक देता रहा, जब यह नजारा लोगों ने देखा और उसे नीचे उतारने का प्रयास किया तो वह नहीं उतरा तथा एक युवक के साथ कुछ अन्य लोगों ने उसे पीट-पीट कर घायल कर दिया। बेहोशी की हालत में उसे नीचे उतारा गया, बाद में परिजन एवं पुलिस मौके पर पहुंचे और घायल को स्थानीय अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। अभी इस मामले में कोई प्रकरण पुलिस ने दर्ज नहीं किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पोरसा चौराहा पर कांग्रेस नेता स्व. साधु सिंह तोमर की प्रतिमा स्थापित है। यहां पर गुरुवार की देर शाम को एक शराबी युवक चढ गया और प्रतिमा के सिर में अपना सिर मारने लगा। यह देख क्षेत्र के लोग वहां जमा हो गए तथा काफी देर तक वह प्रतिमा का अपमान करता रहा, तभी एक युवक ने उसे उतारने का प्रयास किया, जब वह नहीं उतरा तो युवक एवं अन्य लोगों ने उसकी लाठियों से मारपीट कर दी और बुरी तरह घायल कर दिया। बेहोशी की अवस्था में उसे नीचे उतारा गया, इस दौरान पुलिस एवं परिजनों को सूचना मिल गई तो वह भी मौके पर पहुंचे, तब तक युवक को पीटने वाले लोग निकल चुके थे। घायल युवक को उपचार हेतु पोरसा चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। इस मामले में घायल युवक के परिजनों ने थाने में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। ऐसा माना जा रहा है कि प्रतिमा का अपमान किए जाने पर कहीं पुलिस उन पर ही मामला दर्ज ना कर दे, इस भय से अभी तक एफ आई आर दर्ज नहीं कराई गई है।

# वर्षो से बंद है नाला हेल्पलाइन पर शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं



**अम्बाह।** पोरसा रोड पर मां वैजयंती वाटिका इलाके में नाला काफी सालों से बंद पड़ा है। उक्त नाले में गंदगी भरी होने से पानी आगे नहीं निकल रहा है। वहीं यह पानी ओवर फ्लो होकर घरों के आगे भरा रहता है जिससे मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। पानी भरा रहने से बच्चों व पशुओं का गिरने का डर भी बना रहता है। इसकी शिकायत स्थानीय लोगों ने सीएम हेल्पलाइन पर की किंतु अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।

इलाके के निवासी हिमांशु अग्रवाल ने बताया है कि नगर पालिका को कई बार अवगत कराने के बाद भी जब सुनवाई नहीं हुई तो सी एम हेल्पलाइन में शिकायत पर शिकायत की गई लेकिन नगर पालिक ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायत को झूठ बोलकर बंद करा दिया है, जबकि वर्तमान में भी यहां जलभराव की स्थिति है, जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

### जिले के 35009 निर्माण श्रमिकों के खातो में एक-एक हजार रूपये डाले

**मुरैना।** मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत मुरैना जिले के 35 हजार 9 निर्माण श्रमिकों को 25 मई 2021 को कोविड-19 आपदा सहायता राशि प्रदान की। जिसमें प्रति परिवार को एक-एक हजार रूपये खातों में डाले गये। कलेक्टर बी. कार्तिकेयन ने जिले के समस्त जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देश दिये।

# गणेश सिंह एवं राम सेवक बने अपर लोक अभियोजक नियुक्त

**अम्बाह।** एडवोकेट गणेश सिंह तोमर को सिविल न्यायालय अंबाह में अपर लोक अभियोजक नियुक्त किया गया है। इस आशय का पत्र मध्यप्रदेश शासन विधि एवं विधायी कार्य विभाग द्वारा जारी किया गया हैं। विभाग के आदेश के अनुसार एडवोकेट गणेश सिंह तोमर को सिविल न्यायालय अंबाह में अपर लोक अभियोजक के रूप में नियुक्त किया गया है। गणेश सिंह तोमर की नियुक्ति पर उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। अपनी नियुक्ति पर श्री तोमर ने कहा है कि वह अपने पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए संविधान में आस्था रखकर कार्य करेंगे। इसी तरह रामसेवक मिश्रा एडवोकेट को अपर एवं जिला सत्र न्यायालय अंबाह में पुनः एजीपी एवं अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक अपर एवं जिला सत्र न्यायालय अम्बाह में नियुक्त किया है।



### क्वारी नदी के तट पर स्थित श्री वनखंडेश्वर महादेव मंदिर से 11 वीं शताब्दी की नंदी प्रतिमा चोरी



**अम्बाह।** रूपहटी गांव में प्राचीन श्री वनखंडेश्वर शिव मंदिर से बीती रात अज्ञात चोर 11 वीं शताब्दी की नंदी प्रतिमा चोरी करके ले गए, प्रतिमा चोरी होने से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञात रहे कि मंदिर वाले स्थान पर वर्षो पूर्व खुदाई के दौरान 11वी शताब्दी का प्राचीन शिवलिंग एवं नंदी की प्रतिमा निकली थी, तब इन प्रतिमाओं को ग्रामीणों द्वारा उसी स्थान पर प्राण-प्रतिष्ठा करवा मंदिर का निर्माण भी करवाया गया था। जानकारी के अनुसार गुरुवार-शुक्रवार की रात को मंदिर को मंदिर में रहने वाले श्री सीताराम दास जी बाबा गर्मी के चलते मंदिर की छत पर सोने के लिए चले गए, सुबह ब्रह्म मुहूर्त में जब वह पूजन के लिए जागे तो उन्हें नंदी जी की प्रतिमा दिखाई नहीं दी, जिसकी सूचना उन्होंने ग्रामीणों को दी। प्रतिमा अपने स्थान पर ना देखकर ग्रामीणों ने अंदाज लगा लिया कि चोर नंदी की प्रतिमा को चोरी करके ले गए। ग्रामीणों ने बताया कि यह मंदिर 11 वीं शताब्दी का होकर क्वारी नदी के तट पर है। नंदी जी की जो मूर्ति चोरी गई है उसमें लगभग 1 क्विंटल वजन होगा, यह किसी एक चोर का काम नहीं है, यह काम दो-तीन लोगों ने मिलकर किया है।

# विधायक ने गुलपुरा में ईदगाह पर सी सी खरंजा के लिए निधि से दिए साढे तीन लाख रुपए



**कैलारस।** जनपद क्षेत्र कैलारस की ग्राम पंचायत गुलपुरा में सबलगढ़ विधानसभा के कांग्रेस विधायक बैजनाथ कुशवाहा ने ग्राम वासियों से मुलाकात की एवं साथ ही घुमक्कड़ जाति के सपेरा आदिवासियों से भी जाकर उनसे उनका हालचाल पूछा और उनकी समस्या सुन निदान का आश्वासन दिया।

विधायक ने गुलपुरा के सरपंच अज्जू राजा खान के निजी निवास पर जाकर मुलाकात की, जिसमें सरपंच द्वारा सबलगढ़ विधायक और कांग्रेस के महामंत्री इस्माइल वेग को पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान सरपंच ने गुलपुरा की समस्या सबलगढ़ विधायक को सुनाई। जिस पर से सबलगढ़ विधायक बैजनाथ कुशवाहा ने गुलपुरा की ईदगाह की खस्ता हालत को देखते हुए विधायक निधि से साढे तीन लाख रुपए ईदगाह की जमीन पर सीसी खरंजा के लिए दिए। विदित हो कि 2008 से गुलपुरा में ईदगाह बनी हुई है इसमें जमीन कच्ची होने के कारण लोगों को नमाज अदा करने में काफी समस्या होती है। त्यौहारों पर लोग नमाज अदा करने जाते हैं, जिसमें बारिश के मौसम में कच्ची जमीन होने के कारण पानी भर जाता है। इस समस्या को सुनकर सबलगढ विधायक ने साढे तीन लाख रुपये गुलपुरा ईदगाह के लिए सीसी खरंजा के लिए दिए। इस अवसर पर सबलगढ़ विधायक बैजनाथ कुशवाहा, इस्माइल बैग किसान महामंत्री मध्य प्रदेश, रामप्रकाश टैगोर, अज्जू राजा खान, इसराइल खान, रशीद खान, बल्लू खान, महबूब खान, राजेंद्र नाथ, किशोर नाथ, नरेश नाथ, उदुआ नाथ, बनवारी नाथ आदि गुलपरा के कई ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

# पीले चावल देकर टीकाकरण के लिये लोंगो को किया जा रहा है प्रेरित



**मुरैना।** शासन के निर्देशानुसार वैक्सीनेशन का कार्य मुरैना जिले में भी युद्ध स्तर से जारी है। कलेक्टर बी. कार्तिकेयन के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रोशन कुमार सिंह ने जिले के समस्त जनपद सीईओ को स्पष्ट निर्देश दिये है कि ग्राम पंचायतों में जन जागरूकता करने के लिये तिथियां निर्धारित करें और उन तिथियों में टीम पहुंचकर वैक्सीनेशन कराना सुनिश्चित करें।

इसके तहत जनपद पंचायत मुरैना के जनपद सीईओ शेलेन्द्र यादव ने बताया कि मुरैना जनपद की ग्राम पंचायत ऐंती, नौगांव, रिठौराकलां, पिपरसेवा, पिलुआ में वैक्सीनेशन किया जायेगा। जहां लोगों को घर-घर पीले चावल देकर वैक्सीन लगवाने के लिये आमंत्रित किया जायेगा। इसके लिये प्रत्येक पंचायत के लिये अलग-अलग नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है। जिसमें ग्राम पंचायत ऐंती, रिठौराकलां, पिपरसेवा के लिये रामदास बाथम, पिलुआ के लिये राजकुमार सौलंकी को नियुक्त किया है। इनके अलावा ग्राम स्तरीय जागरूकता दल में संबंधित सदस्य ग्राम प्रधान, सचिव, जीआरएस, एडीईओ, पीसीओ, पटवारी, शिक्षक, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, आशा आंगनवाडी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक, महिला एवं बाल विकास विभाग घर-घर जाकर कार्य को प्राथमिकता देंगे।

## पीले चावल पाकर लोग हुये वैक्सीन लगवाने के लिये प्रेरित




**मुरैना।** ग्राम पंचायत धनेला, खडगपुर, गुलेंद्रा और चुरहेला में वैक्सीनेशन शिविर लगाने के लिये जन-जागरूकता शिविर आयोजित किये गये। शिविर के पहले अधिकारियों ने घर-घर जाकर पीले चावल लोंगो को दिये और आमंत्रित करते हुये अपील की, कि वैक्सीनेशन सेन्टर पर आकर वैक्सीनेशन जरूर करायें। पीले चावल पाकर ग्रामीण लोग पहले तो प्रफुल्लित हुये और फिर कहने लगे कि जिस प्रकार शादी का आमंत्रण देने के लिये शादी कार्ड को चावल लगाकर शुभ संकेत दिया जाता है। ठीक उसी प्रकार जिला प्रशासन हमें वैक्सीनेशन के लिये पीले चावल देकर आमंत्रित कर रहा है, हमें अवश्य वैक्सीन लगवानी होगी। इस प्रकार पंचायतों में यह आवाज घर-घर तेजी के साथ फैल गई। पति-पत्नि वैक्सीनेशन सेंटरों पर वैक्सीन लगवाने के लिये पहुंचने लगे। जबकि मुरैना जनपद की ग्राम पंचायत अरदोनी में वैक्सीनेशन शतप्रतिशत हो चुका है। जिन्होंने वैक्सीन लगवाई है, उनको वैक्सीनेशन सेन्टरों पर अधिकारियों ने फूलमालाओं से सम्मानित किया।

## अभिव्यक्ति की सीमा

नए आईटी नियमों का पालन करने से बच रहे ट्विटर को आखिरकार मनमानी की सजा भुगतनी ही पड़ी। ट्विटर ने देश में इंटरमीडियरी प्लेटफॉर्म का दर्जा खो दिया है। यानी अब ट्विटर अपने प्लेटफॉर्म पर किए गए पोस्ट के लिए जिम्मेदार होगा। केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद का कहना है कि इस बात को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं कि क्या ट्विटर कानूनी संरक्षण का हकदार है? हालांकि,



मामले में सीधी बात यह है कि ट्विटर 26 मई से लागू हुई गाइडलाइन का पालन करने में नाकाम रहा है। इसके बाद भी उन्हें काफी मौके दिए गए थे। फिर भी उन्होंने गाइडलाइन न मानने का रास्ता चुना। दरअसल, ट्विटर का कानूनी संरक्षण खत्म होने को लेकर सरकार ने कोई भी आदेश जारी नहीं किया है। आईटी मंत्रालय की ओर जारी की गई गाइडलाइन का पालन नहीं करने की वजह से कानूनी संरक्षण अपने आप खत्म हुआ है। कानूनी संरक्षण 25 मई से खत्म माना गया है। ध्यान रहे कि केंद्र सरकार की तरफ से सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को धारा 79 के तहत सुरक्षा मुहैया कराई जाती है। ये प्रोटेक्शन ट्विटर को भी मिली हुई थी। इसमें किसी आपराधिक गतिविधि के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किए जाने पर कंपनी की जिम्मेदारी नहीं होती थी और किसी भी केस में कंपनी को पक्ष नहीं बनाया जा सकता था। नए नियम के तहत सरकार ने कहा था कि सोशल मीडिया कंपनी एक महीने के अंदर मुख्य अनुपालन अधिकारी की नियुक्ति करें, जो यूजर्स की शिकायतों को सुलझाए। फेसबुक और वाट्सएप ने कापुी ना-नुकुर के बाद अफसरों की तैनाती कर दी, मगर ट्विटर ऐसा करने से बचता रहा। नियुक्ति न होने पर सरकार ने धारा 79 के तहत प्रोटेक्शन खत्म करने की चेतावनी दी थी। इसके बाद 15 जून को ट्विटर के खिलाफ पहली एफआईआर भी यूपी में दर्ज की गई है। सरकार के फैसले के बाद ट्विटर अब अकेला ऐसा अमेरिकी प्लेटफॉर्म है, जिससे आईटी एक्ट की धारा 79 के तहत मिलने वाला यह कानूनी संरक्षण वापस ले लिया गया है, जबकि गूगल, फेसबुक, यूट्यूब, वॉट्सऐप, इंस्टाग्राम जैसे अन्य प्लेटफॉर्म के पास अभी भी यह सुरक्षा है। भारत की संस्कृति अपने बड़े भौगोलिक स्थिति की तरह बदलती रहती है। सोशल मीडिया में एक छोटी सी चिंगारी भी आग का कारण बन सकती है। खासकर फेक न्यूज के खतरे ज्यादा हैं। इस पर कंट्रोल करना और इसे रोकना नए ढ्ढञ्ज नियमों में से एक था। जिसका पालन ट्विटर ने नहीं किया। यह आश्चर्यजनक है कि ट्विटर जो खुद को फ्री स्पीच के ध्वजवाहक के रूप में दिखाता है। वह गाइडलाइन मानने की बात पर जानबूझकर इसकी अवहेलना करता है। चौंकाने वाली बात यह है कि ट्विटर देश के कानून की अनिवार्य प्रक्रिया को लागू करने से इंकार करके यूजर्स की शिकायतों को दूर करने में भी नाकाम रहा है। ट्विटर तभी मैन्यूपलेटेड मीडिया टैग जैसे फ्लैग करने की नीति चुनता है, जो वह उसके लिए उपयुक्त हो या उसकी पसंद और नापसंद के मुताबिक हो। उत्तर प्रदेश में जो हुआ, वह फर्जी खबरों से लडने़ में ट्विटर की मनमानी का उदाहरण था। ट्विटर अपने फैक्ट्स चेक मैकेनिज्म के बारे में कुछ ज्यादा उत्साही रहा है।

# विचार,सिद्धांत नहीं राजनैतिक भविष्य का सवाल?

**तनवीर जाफ़री**

स्वर्गीय राजीव गांधी के प्रधानमंत्री काल में 1985 में भारतीय संसद ने 52वें संविधान संशोधन के द्वारा 'दल-बदल विरोधी क़ानून' पारित किया था। इस क़ानून को बनाने का असल मक़सद यही था कि भारतीय राजनीति में व्याप्त 'दल-बदल' जैसी अवसरवादी व स्वार्थी राजनीति को समाप्त किया जा सके। इस क़ानून से पहले जो एक दो सांसद या विधायक अपने राजनैतिक स्वार्थवश दल बदल किया करते थे वे अब इस क़ानून के अनुसार अपनी सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाएंगे। परन्तु इसी दल-बदल विरोधी क़ानून के अंतर्गत यदि कम-से-कम दो-तिहाई विधायक विलय के पक्ष में हों तो किसी भी राजनीतिक दल को किसी दूसरे राजनीतिक दल में विलय करने की अनुमति दी गई है। ऐसे करने पर न तो दल-बदल रहे सदस्यों पर यह क़ानून लागू होगा और न ही राजनीतिक दल पर। इस प्रकार के %वृहद दलबदल% अर्थात दो-तिहाई सदस्यों के इधर उधर से न तो उपचुनाव की ज़रुरत होगी न ही देश पर उपचुनाव के ख़र्च जैसा अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। परन्तु अफ़सोस यह कि नेताओं में दल बदल की प्रवृति शायद पहले से कम होने के बजाए और बढ़ गयी हैं।

इस तरह के दलबदल के बाद एक सवाल हमेशा ही आम लोगों के ज़हन में उठता है कि आख़िर इधर उधर आने जाने वाले नेता अपनी कोई राजनैतिक सोच या विचारधारा भी रखते हैं या नहीं ? यहाँ तक कि परस्पर धुर विरोधी विचारधारा के लोगों का एक दूसरे दलों में शामिल हो जाना और कभी फिर वापस पुनः अपने पहले के ही दल में चले जाना,ऐसे हद दर्जे के अवसरवादी नेताओं के प्रति आख़िर क्या राय क़ायम की जानी चाहिए? याद कीजिये गत वर्ष मार्च के महीने में जब ज्?योतिरादित्?य सिंधिया के समर्थक 22 कांग्रेस विधायक भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे और कांग्रेस की कमलनाथ सरकार गिर गई थी। कमलनाथ को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफ़ा देना पड़ा था। और इन्हीं 22 कांग्रेस विधायकों के समर्थन से 23 मार्च 2020 को मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा सरकार बन गयी थी। सीधे शब्दों में यूँ समझें कि 230 सदस्यों की मध्य प्रदेश विधान सभा की जनता ने कांग्रेस को 114 सीटों पर जीत दिला कर राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व में एक धर्म निरपेक्ष सरकार चलाने के पक्ष में जनमत तो ज़रूर दिया था परन्तु मात्र 22 विधायकों की मौक़ा परस्त सोच ने राज्य की जनता के इरादों व विश्वास पर पानी फेर दिया। ज़ाहिर है चूंकि 114 में से 22 विधायकों का दलबदल करना चूँकि संख्या में दो तिहाई से कम है और 'दल-बदल विरोधी क़ानून ' के अंतर्गत मान्य नहीं लिहाज़ा इन सभी सीटों पर सरकार को उपचुनाव कराने पड़े। इन दलबदलू मौक़ा परस्तों के चलते देश की जनता पर उपचुनावों के ख़र्च का भारी भरकम बोझ पड़ा।

यह सिलसिला और भी कई राज्यों में चलता रहता है। पिछले दिनों बंगाल में चुनाव पूर्व कितनी बड़ी संख्या में तृणमूल कांग्रेस के सांसद,विधायकों तथा दूसरे बड़े नेताओं ने तृणमूल कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामा। बड़ा आश्चर्य हुआ था उस समय कि जो भाजपा जिस तृणमूल कांग्रेस को भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी,सिंडिकेट चलाने वाली,मुस्लिम तुष्टिकरण करने,%बांग्लादेशी घुसपैठियों% को संरक्षण देने यहां तक कि जय श्री राम के नारों का विरोध करने वाली पार्टी बताया करती थी उसी भाजपा में शामिल होने तृणमूल कांग्रेस के अनेक प्रमुख नेता कुछ इस तरह से भाग रहे थे जैसे डूबते हुए जहाज़ से चूहों में भगदड़ मच जाती है। बहरहाल बंगाल में चुनाव संपन्न हुए,परिणाम वह नहीं आ सका जिसकी उम्मीद बंगाल से दूर दराज़ बैठे लोग बिकाऊ मीडिया के झूठे प्रोपेगण्डे की वजह से कर रहे थे। भाजपा व आर एस एस ने शायद इतने धन-बल से अब तक बंगाल के अतिरिक्त किसी भी राज्य का चुनाव नहीं लड़ा। और कोई भी धर्म-जाति का



कार्ड ऐसा नहीं बचा जो बंगाल चुनाव में नहीं खेला गया। परन्तु ममता बनर्जी अपनी सीट हारने के बावजूद तृणमूल कांग्रेस को विधान सभा की कुल 292 सीटों में 213 सीटें जिताने में सफल रहीं जबकि %अबकी बार दो सौ पार % का दंभ भरने वाली भाजपा 77 सीटों पर ही सिमट कर रह गयी। और ममता बनर्जी सत्ता की हैट्रिक बनाने में सफल रहीं ।

बंगाल विधानसभा चुनावों के फ़ौरन बाद राज्य में हिंसा का भी दुर्भाग्यपूर्ण दौर चला। यहां तक कि राज्यपाल व मुख्य मंत्री को स्वयं कई हिंसाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करना पड़ा। उस समय भी भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस को हिंसा भड़काने का सीधे तौर पर ज़िम्मेदार ठहराया। इसी अभूतपूर्व राजनैतिक उथल पुथल का सामना करने वाले राज्य से अब यह ख़बरें आनी शुरू हुई हैं कि बड़ी संख्या में भाजपाई विधायक व अन्य नेता तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। इनमें अधिकांश नेता तृणमूल कांग्रेस में %घर वापसी % करेंगे। इसकी शुरुआत गत दिवस तब हुई जब भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकुल रॉय ने अपने पुत्र व पूर्व विधायक शुभ्रांशु रॉय के साथ कोलकता स्थित तृणमूल भवन में ममता बनर्जी की उपस्थिति में चार वर्षों तक भाजपा में रहने के बाद %घर वापसी % की। यह वही मुकुल रॉय हैं जिन्हें भाजपा नारदा स्टिंग मामले में आरोपी बताती थी परन्तु भाजपा में शामिल होने के बाद इन्होंने गोया %गंगा स्नान% कर राहत की सांस ली थी। ख़बरों के अनुसार विधान सभा में विपक्ष का नेता न बनाए जाने तथा उनके मुक़ाबले भाजपा में सुवेंदु अधिकारी को अधिक अहमियत दिए जाने जैसे मामलों से दुखी होकर मुकुल रॉय ने अपनी पुरानी पार्टी में वापसी का फ़ैसला किया।

क्या बंगाल व देश की जनता को यह पूछने का हक़ है कि मुकुल रॉय व उन जैसे वे तमाम नेता जो भविष्य में बड़ी संख्या में भाजपा छोड़ तृणमूल कांग्रेस में आने के इच्छुक हैं वे चुनाव पूर्व तथा चुनवोपरांत राज्य में होने वाली हिंसा में अपनी क्या भूमिका या मत रखते थे ? जिस समय भाजपा ममता को राम विरोधी व मुस्लिम हितैषी बता रही थी उस समय यही %घर वापसी % के इच्छुक नेता भाजपा के सुर से अपना सुर मिला रहे थे और राज्य में भाजपा की ध्रुवीकरण की मुहिम का हिस्सा थे ? आज आख़िर किस मुंह से यह लोग तृणमूल कांग्रेस में वापस आना चाह रहे हैं? जबकि ममता बनर्जी व तृणमूल कांग्रेस तो वही है जोकि भाजपा के आरोपों के अनुसार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी,सिंडिकेट चलाने वाली,मुस्लिम तुष्टिकरण करने,%बांग्लादेशी घुसपैठियों% को संरक्षण देने तथा जय श्री राम के नारों का विरोध करने वाली पार्टी है ? पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के एक क़द्दावर कांग्रेस नेता स्वर्गीय जितेंद्र प्रसाद के पुत्र जतिन प्रसाद ने भाजपा की सदस्य्ता ग्रहण कर ली। इनकी भी क्या कोई सोच या विचारधारा है या उज्जवल राजनैतिक भविष्य ही मुख्य ध्येय है? देश की जनता ख़ासकर मतदाताओं को यह सोचना चाहिए कि जो नेता विचारों व सिद्धांतों की नहीं बल्कि जनता की राय जाने बिना अपने उज्जवल राजनैतिक भविष्य की ख़ातिर दल बदल जैसे फ़ैसले करते हैं और धुर विरोधी विचारधारा व सोच रखने वाले दलों में आवागमन करते हैं ऐसे मौक़ापरस्त नेता वास्तव में वे जनता व देश के लिए कितने हितकारी व कितने भरोसे के लाएक़ हैं।

## श्रद्धा से मिलता है ज्ञान

एक बार बालक नचिकेता ने अपने पिता से कहा, आप ब्राह्मणों को जर्जर, कृशगात और अनुपयोगी गाय दान में दे रहे हैं। उन्होंने यह नहीं कहा कि ऐसा ठीक नहीं है परंतु पिता समझ गए कि यह मेरी निंदा कर रहा है, मेरा अनादर कर रहा है, मेरे कृत्य की भर्त्सना कर रहा है। नचिकेता ने पिता से कहा- शाप कहते हैं कि अच्छी वस्तु, अच्छी निधि तथा अच्छी संपदा का दान करना चाहिए। अगर आप दान ही कर रहे हैं तो मुझको किसे दान में देंगे ? पिता को चुप लग गया लेकिन बालक नचिकेता बार- बार टोकने लगा-पिताजी ! आप मुझे किसे दान में देंगे ? आपने यह भी विचार किया होगा कि मुझे भी किसी को दान में देंगे। इस पर पिता ने प्रोध में कहा-मैं तुझे यमराज को दान में देता हूं। आज से तू यम की वस्तु हुआ। दान की गई वस्तु कभी ली नहीं जाती और कभी लौटाई नहीं जाती। अब तू मेरा नहीं रहा। चूंकि मैं तुझे दान कर चुका हूं इसलिए तू मेरे पास नहीं रहेगा। बालक नचिकेता को यह बुरा नहीं लगा कि मेरे पिता ने मुझे कुछ कहा है। ऐसी श्रद्धा थी नचिकेता की अपने पिता के प्रति। यही श्रद्धा ज्ञानकारक बनी और नचिकेता को यमराज के द्वार पर लेकर गई। यमराज ने देखा कि यह सामान्य बालक नहीं, श्रद्धावान बालक था। जब हमारे पास श्रद्धा आती है तो वह हमें बाध्य करती है। गुरु के पास जो गुरुत्व है, साधु के पास जो साधुत्व है, संन्यासी के पास जो संन्यस्त है, गंगा के पास जो गंगत्व है,देवताओं के पास जो देवत्व है और भगवान के पास जो भगवत्ता है; उसके हम स्वाभाविक रूप से अधिकारी बन जाते हैं।

# राजस्थान में मंत्रीमंडल विस्तार पर मची रार

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान की राजनीति में इन दिनों सत्तारूढ़ कांग्रेस में मंत्रीमंडल विस्तार को लेकर पार्टी के नेताओं में आपस मे ही रार मची हुयी है। गत वर्ष सचिन पायलट ने अपने समर्थक 19 कांग्रेसी विधायकों को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ खुली बगावत कर दी थी। स्थिति यहां तक बिगड़ गई थी कि पायलट अपने समर्थक विधायकों को लेकर राजस्थान सीमा के बाहर हरियाणा में गुड़गांव के एक होटल में जाकर ठहरे थे। उसी दौरान कांग्रेस आलाकमान ने सचिन पायलट को उपमुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से तथा उनके समर्थक रमेश मीणा व महाराजा विश्वेंद्र सिंह को कैबिनेट मंत्री पद से बर्खास्त कर दिया था। करीब एक महीने की उठापटक के बाद अंततः केंद्रीय आलाकमान के हस्तक्षेप करने से पायलट समर्थको को सत्ता व संगठन में पूरी भागीदारी देने के वायदे के साथ उस बगावत का पटाक्षेप करवाया गया था। उस समय कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने तीन बड़े केन्द्रीय नेताओं की एक कमेटी बनाई थी। जिसमें अहमद पटेल, कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल व राजस्थान प्रभारी महासचिव अजय माकन को शामिल किया गया था। उक्त कमेटी को शीघ्र ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व सचिन पायलट की बातें सुनकर उनका समाधान करवा कर दोनों पक्षों को संतुष्ट करना था। मगर कमेटी की आज तक एक भी बैठक नहीं हो पाई है। इसी दौरान वरिष्ठ नेता अहमद पटेल का निधन हो गया। उसके बाद कमेटी में बचे केसी वेणुगोपाल व अजय माकन ने कोई बैठक नहीं की और ना ही दोनों पक्षों की बातें सुनकर सोनिया गांधी को रिपोर्ट दी।



केंद्र द्वारा बनायी गयी सुलह कमेटी की अभी तक बैठक नहीं होने के कारण सचिन पायलट की बातों पर कोई कार्यवाही नहीं हो पायी है। इसी दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने कुछ चहेते नेताओं व सेवानिवृत्त अधिकारियों को विभिन्न निगमों, बोर्डो व आयोगों में नियुक्त कर दिया हैं। इससे पायलट समर्थकों में और भी अधिक रोष व्याप्त हो रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे जितिन प्रसाद के पार्टी छोड़कर भाजपा में जाने के बाद सचिन पायलट समर्थक विधायकों ने भी पायलट समर्थकों को मंत्री बनाने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया है। विभिन्न अवसरों पर पायलट समर्थक मुखर होकर मुख्यमंत्री गहलोत के खिलाफ बोल रहे हैं। जितिन प्रसाद के जाने के बाद पायलट की नाराजगी को देखते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सचिन पायलट को बात करने के लिए दिल्ली बुलाया है। हालांकि अभी सचिन पायलट की प्रियंका गांधी से बात नहीं हो पायी है। लेकिन पायलट समर्थकों को लगता है कि प्रियंका गांधी उनकी बातें सुनकर सही समाधान करवाएगी। उधर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मौजूदा परिस्थितियों में किसी भी सूरत में मंत्रिमंडल का विस्तार व पुनर्गठन नहीं करना चाहते हैं। वह लगातार किसी न किसी बहाने मंत्रिमंडल के विस्तार को टालते जा रहे हैं। एक दिन पूर्व ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चिकित्सकों के हवाले से बयान जारी किया है कि पोस्ट कोविड समस्याओं को देखते हुए वो आगामी दो माह तक किसी भी व्यक्ति से व्यक्तिगत मुलाकात नहीं करेंगे। वैसे भी गहलोत पिछले सवा साल में अपने आवास से बहुत कम बाहर निकले हैं। मुख्यमंत्री अपने आवास से ही लगातार वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मीटिंग ले रहे हैं। वर्चुअल माध्यम से ही लोगों से मिल रहे हैं व विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण कर रहे हैं। दो माह पूर्व प्रदेश में संपन्न हुए तीन विधानसभा सीटों के उपचुनाव के दौरान जरूर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कुछ चुनावी मीटिंगो को संबोधित किया था। उसके अलावा अधिकांश समय अपने सरकारी आवास तक ही सिमटे हुए हैं। बहुत से विधायक व्यक्तिगत मिलकर बात करना चाहते हैं। मगर उनको समय नहीं मिल रहा है। इससे उनके मन में भी मुख्यमंत्री के प्रति नाराजगी के भाव पनप रहे हैं। चर्चा है कि यदि कोरोना के कारण लगे लाकडाउन को पूरी तरह हटा लिया जाता है तो प्रदेश के बाकी बचे बारह जिलों में भी पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव की घोषणा की जा सकती है। जिस कारण आचार संहिता लगने से एक बार फिर मंत्रिमंडल का विस्तार टल सकता है। पिछले एक वर्ष से मंत्रिमंडल विस्तार टलने से गहलोत समर्थक उन विधायकों में भी नाराजगी व्याप्त हो रही है जिनको मंत्री बनने की पूरी आस है। जिन्होंने सचिन पायलट की बगावत के समय खुलकर गहलोत का साथ दिया था।

# ऐसे बयानों के जरिये ही पाकिस्तान दुनियाभर में भारत की छवि को धूमिल करने का भरपूर प्रयास करता है

### सूडोकु नवताल-5746

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5745 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

**अशोक भाटिया**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह एक बार फिर चर्चा में है। उन्होंने पाकिस्तान के एक पत्रकार से क्लब हाउस चैट के दौरान कहा कि कांग्रेस सत्ता में आई तो जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 की बहाली पर विचार किया जाएगा। उन्होंने आर्टिकल 370 पर मोदी सरकार के इस फैसले को दुखद बताया। दिग्विजय सिंह के इस बयान के बाद भाजपा हमलावर हो गई है। भाजपा का मानना है जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को हटाए जाने के बाद लगाए गए प्रतिबंध समाप्त हो चुके हैं. जम्मू-कश्मीर के हालातों में लगातार सुधार हो रहा है. जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद से ही पाकिस्तान ने तमाम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को घेरने की कोशिश की थी. लेकिन हर जगह पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी थी. सभी अंतरराष्ट्रीय मंचों ने इसे भारत का आंतरिक मामला बताकर पाकिस्तान की मांग को खारिज कर दिया था. हाल ही में पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल कमर बाजवा ने कश्मीर मसले को किनारे रखते हुए भारत के साथ संबंध सुधारने की वकालत की थी. हालांकि, पाकिस्तान में इसका काफी विरोध हुआ था ।

इन सबके बीच एक बार फिर से जम्मू-कश्मीर और आर्टिकल 370 चर्चा में आ गया है । भाजपा के आईटी सेल के चीफ अमित मालवीय ने इस क्लब हाउस चैट को जारी किया है. अमित मालवीय ने दावा किया है कि इस चैट में एक पाकिस्तानी पत्रकार भी मौजूद था ।अमित मालवीय ने इस चैट का को ट्विटर पर शेयर करते हुए लिखा कि क्लब हाउस चैट में राहुल गांधी के शीर्ष सहयोगी दिग्विजय सिंह एक पाकिस्तानी पत्रकार से कहते हैं कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है, तो वे अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के फैसले पर पुनर्विचार करेंगे. वास्तव में? यही तो पाकिस्तान चाहता है ।जम्मू-कश्मीर हमेशा से ही भारत का अभिन्न अंग रहा है । अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं और समितियां इस मामले को भारत का आंतरिक मामला बताती रही हैं. लेकिन, इसके बावजूद कांग्रेस नेताओं की ओर से जम्मू-कश्मीर को लेकर विवादित बयान दिए जाते रहे हैं । भारत के सबसे पुराने राजनीतिक दल ने जम्मू-कश्मीर के मुद्दे को हमेशा से ही वोटबैंक पॉलिटिक्स के रूप में इस्तेमाल करने की कोशिश करती रही है ।इस प्रयास में कांग्रेस ये भी नहीं सोचती है कि वह इस तरह की बयानबाजी से पाकिस्तान के करीब खड़ी हो जाती है । इस स्थिति में सवाल उठना लाजिमी है कि क्या कांग्रेस के भीतर जम्मू-कश्मीर में धारा 370 दोबारा लागू कराने वाला धड़ा मौजूद है? क्या अपने बयानों से कांग्रेस को पाकिस्तान के साथ खड़ा होने में कोई ऐतराज नही है?

क्लब हाउस चैट लीक होने पर भाजपा के निशाने पर आए दिग्विजय सिंह ने इस बातचीत को शब्दों के हेर-फेर के जरिये उलझाने का आरोप लगाया । दिग्विजय ने ट्वीट करते हुए लिखा कि अनपढ़ लोगों की जमात को भाषा में फर्क शायद समझ में नहीं आता । दिग्विजय सिंह के इस ट्वीट से एक बात तो तय हो जाती है कि उन्होंने इस ऑडियो क्लिप की सत्यता पर मुहर लगा दी है. उनका ऐतराज सिर्फ इस बात पर है कि उनके बयान में शब्दों के बीच फर्क को समझा नहीं जा रहा है । उनकी सफाई से ये स्पष्ट है कि एक तरह से वे कहना चाह रहे थे कि यदि कांग्रेस सत्ता में आई, तो धारा 370 दोबारा लागू करने पर विचार किया जाएगा । उन्होंने ये नहीं कहा कि ऐसा करेंगे ही । हालांकि, दिग्विजय सिंह ये बताना भूल गए कि उन्हें एक पाकिस्तानी पत्रकार के साथ भारत के आंतरिक मामलों पर चर्चा करने की जरूरत क्यों पड़ गई? वह शायद ये भूल गए कि इस तरह ही बयानबाजी को ही आधार बनाकर पाकिस्तान हमेशा से भारत के खिलाफ साजिशें रचता रहा है ।

जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद पाकिस्तान ने यूनाइटेड नेशंस को लिखे एक पत्र में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के हवाले से कश्मीर में हिंसा और मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप लगाए थे । दरअसल, राहुल गांधी ने एक बयान में कहा था कि कश्मीर को लेकर जो जानकारी मिल रही है, उसके हिसाब से वहां गलत हो रहा है और लोग मारे जा रहे हैं ।राहुल गांधी आमतौर पर अपने बयानों की वजह से पाकिस्तान के पोस्टर ब्वॉय बनते रहे हैं. इस लिस्ट में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम भी शामिल हैं । पी चिदंबरम ने जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे की बहाली के लिए राज्य के राजनीतिक दलों के गठबंधन बनाने को स्वागतयोग्य कदम बताया था । कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर तो मोदी सरकार को हटाने के लिए पाकिस्तान से मदद करने तक की मांग कर चुके हैं ।

## दो शब्द पिता को समर्पित

इस दिन को कैसे याद करूँ
कहूँ गुरूपर्णिमा का पवन दिन
या फिर पितृछाया छिना
अमाबस बनकर यही वो दिन।।
सजल नयन से पितृतर्पण
करते ही जा रहा हूँ मैं
लिकिन मन में पिता दर्शन
का लालशा भी पाल रहा हूँ मैं।।
वर्ष वित गए हैं पूरे सात
अब तो मुक्ति की करूँ आश
किस तरह से मृत्यु गर्भ से
आपको करूँ आजाद ।।
जन्म मरण के सास्वत सत्य
को कर रहा हूँ मैं स्वीकार
सात वर्ष के अंतर बाद भी
अब तो लौट आओ अपनों के
पाश।।
ढूंढ रही है पथरीली अखियां
आपके आने की आश
सूरत मूरत में ढूंढ रहा हूँ
आपकी परछाई आप।।
ईश्वर से बस एक निवेदन
मत छीनो मातपिता का साथ
मौका मिले तो भूलोके
आकर समय बिताओ उनके
साथ ।।
फिर यह निश्चय जानो छीन
न पाओगे उनका साथ
अगर छीन जाएगा उनका
छाया बिलख बिलख कर रोओगे
आप।।



**श्री कमलेश झा**
**नगरपारा भागलपुर**
**बिहार 9990891378**

## वक्त से पहले झूमते-इठलाते मानसून की भी सुनें!

**ऋतुपर्ण दवे**

एक मानसून ही तो है जिसको लेकर हर कहीं कोई न कोई उत्सुकता होती है. मौजूदा कोविड काल छोड़ दें तो यही देश में मई से लेकर जुलाई-अगस्त तक सबसे ज्यादा चर्चाओं और सुर्खियों में होता है. फिलाहाल मानसून ही दूसरा विषय है क्योंकि वक्त से पहले जो आ गया. इसीलिए सारे देश की निगाहें हैं. मानसून अरबी शब्द मावसिम यानी मौसम से बना है जिसे पावस भी कहते हैं. पुर्तगाली में मानसैओ, डच में मॉनसन जबकि हिन्दी, उर्दू, अंग्रेजी में मानसून कहलाता है. मानसून हिन्द महासागर तथा अरब सागर की ओर से भारतीय दक्षिण-पश्चिम तट पर आनी वाली हवाएं हैं जिससे भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश यानी दक्षिणी एशिया रीजन में जून से सितंबर तक बरसात होती है. गर्मियों में जब सूर्य हिन्द महासागर में विषुवत रेखा यानी इक्वेटर के ठीक ऊपर होता है।

संकेत माने जाते हैं।





# जब फड़फड़ाएं ये अंग तो...



**सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार, अंगों के फड़कने का कोई न कोई मतलब जरूर होता है। यह आपके भविष्य की ओर संकेत करता है जो शुभ और अशुभ दोनों हो सकता है। कुछ अंगों का फड़कना धन वृद्धि की ओर इशारा करता है तो कुछ आर्थिक नुकसान का संकेत भी देते हैं। सामुद्रिक शास्त्र में अंगों के फड़कने को लेकर और भी बहुत कुछ बताया गया है आइए जानें...**

**मिलता है सुखद समाचार :** ऊपर का होंठ अगर फड़फड़ा रहा है तो किसी विवाद और मनमुटाव का परिणाम सुखद होने वाला है। वहीं अगर दोनों होंठ फड़फड़ा रहे हैं तो कहीं से सुखद समाचार मिल सकता है।

**होती है मनोकामना पूरी :** कुंवारे लड़कों की दोनों आई ब्रो के बीच का स्थान फड़क रहा है तो इसका मतलब है कि उसे उसका प्यार मिलने वाला है। वहीं अगर दोनों भौहें फड़कें तो व्यक्ति की प्रेम से संबंधित कोई मनोकामना पूरी होने वाली है।

**माना जाता है शुभ :** पुरुषों की दाईं आंख फड़कना शुभ माना जाता है लेकिन महिलाओं के लिए अशुभ माना जाता है। महिलाओं की बाईं आंख का फड़कना शुभ माना जाता है। वहीं दोनों आंखों का फड़कना सबके लिए शुभ माना गया है।

**मिलती है खुशखबरी :** अगर दाहिना कान फड़फड़ाता है तो भविष्य में अच्छा पद और समाचार प्राप्त होता है। बाएं कान का पिछला भाग फड़कता है तो मित्र से बुलावा आता है या फिर कोई खुशखबरी मिलती है।

**होती है धन की प्राप्ति :** सिर का फड़कना शुभ माना जाता है, आपको धन की प्राप्ति हो सकती है और मुकदमे में जीत मिल सकती है। यदि किसी व्यक्ति का गला फड़कता है तो उसे मनपसंद भोजन और आभूषण मिलता है।

**मूंछों का फड़कना :** अगर आपकी मूंछ का दायां हिस्सा फड़कता है तो इसे शुभ समझना चाहिए और अगर बाईं ओर से मूंछ फड़के तो किसी से लड़ाई-झगड़ा हो सकता है।

# नया जन्म

**जब डाकू नारद के पास पहुंचा तो नारद उसे देखकर हंस पड़े। डाकू को अब और भी ज्यादा आश्चर्य हुआ। अब तक उसने ऐसा कोई आदमी नहीं देखा था, जो उसे देखकर न डरे क्योंकि उसके हमला करते ही लोग भागने की कोशिश करते थे या उसके सामने सिर झुका देते थे...**

एक डाकू था। वह जंगल में छिपा रहता था और उधर से जो भी निकलता था, उसको लूटकर अपनी गुजर-बसर करता था। एक दिन नारद उधर से निकले। डाकू उन पर हमला करने को आया। नारद ने उसे देखकर अपनी वीणा पर गाना आरंभ कर दिया। डाकू चकित होकर आगे बढ़ा।

जब वह नारद के पास पहुंचा तो नारद उसे देखकर हंस पड़े। डाकू को अब और भी ज्यादा आश्चर्य हुआ। अब तक उसने ऐसा कोई आदमी नहीं देखा था, जो उसे देखकर न डरे क्योंकि उसके हमला करते ही लोग भागने की कोशिश करते थे या उसके सामने सिर झुका देते थे, लेकिन यह आदमी न तो भाग रहा था और न ही सिर झुका रहा था। उसे विस्मित देखकर नारद ने पूछा, 'क्यों, क्या चाहते हो?'

डाकू ने कहा, 'तुम्हें लूटना चाहता हूं। यही मेरा धंधा है।'

नारद बोले, 'अच्छा, यह बताओ कि तुम अपनी स्त्री से पूछकर आए हो कि वह तुम्हारे इस पाप में भागीदार है या नहीं?'

डाकू ने कहा, 'भागीदार क्यों नहीं होगी?'

नारद बोले, 'मैं यहीं रुका हूं। तुम जाकर एक बार पूछ तो आओ।'

डाकू ने उनकी बात मान ली। वह दौड़ा-दौड़ा घर गया। डाकू ने पूछा, 'मैं जो पाप करता हूं, उसमें तुम हिस्सेदार हो?'

स्त्री ने कहा, 'नहीं, तुम जो लूटकर माल लाते हो, उससे मैं तुम्हारी घर-गृहस्थी चला देती हूं। पाप से मेरा क्या संबंध है?'

डाकू की आंखें खुल गईं। लूट के माल में सबका साझा था, पर पाप में वह अकेला भागीदार था।

वह लौटकर आया और नारद के पैर पकड़कर रोने लगा व बोला, 'मैं पापी हूं। मेरा उद्धार करो।'

नारद ने कहा, 'तुमने अपनी भूल को समझ लिया, तुम्हारा नया जन्म हो गया। तुम्हारे सारे पाप दूर हो गए।' उस दिन से डाकू ने बुरा काम छोड़ दिया।



# शुभ मंगलमयी है पंचमुखी गणेश

जब एकदंत गजानन का स्वरूप पंचमुखी हो, तब शुभता में कई गुना वृद्धि हो जाती है। जानिए पंचमुखी गणेश और उनके पंच कोशों के महत्व के बारे में...

**पांच** मुख वाले गजानन को पंचमुखी गणेश कहा जाता है। पंच का अर्थ है पांच। मुखी का मतलब है मुंह। ये पांच-पांच कोश के भी प्रतीक हैं। वेद में सृष्टि की उत्पत्ति, विकास, विध्वंस और आत्मा की गति को पंचकोश के माध्यम से समझाया गया है। इन पंचकोश को पांच तरह का शरीर कहा गया है।

**पहला कोश है अन्नमय कोश :** संपूर्ण जड़ जगत जैसे धरती, तारे, ग्रह, नक्षत्र आदि; ये सब अन्नमय कोश कहलाता है।

**दूसरा कोश है प्राणमय कोश :** जड़ में प्राण आने से वायु तत्व धीरे-धीरे जागता है और उससे कई तरह के जीव प्रकट होते हैं। यही प्राणमय कोश कहलाता है।

**तीसरा कोश है मनोमय कोश :** प्राणियों में मन जाग्रत होता है और जिनमें मन अधिक जागता है वही मनुष्य बनता है।

**चौथा कोश है विज्ञानमय कोश :** सांसारिक माया भ्रम का ज्ञान जिसे प्राप्त हो। यह विवेकी मनुष्य को तभी अनुभूत होता है जब वह बुद्धि के पार जाता है।

**पांचवां कोश है आनंदमय कोश :** ऐसा कहा जाता है कि इस कोश का ज्ञान प्राप्त करने के बाद मानव समाधि युक्त अतिमानव हो जाता है। मनुष्यों में शक्ति होती है भगवान बनने की और इस कोश का ज्ञान प्राप्त कर वह सिद्ध पुरुष होता है।

जो मानव इन पांचों कोशों से मुक्त होता है, उनको मुक्त माना जाता है और वह ब्रह्मलीन हो जाता है। गणेश जी के पांच मुख सृष्टि के इन्हीं पांच रूपों के प्रतीक हैं।

पंचमुखी गणेश चार दिशा और एक ब्रह्मांड के प्रतीक भी माने गए हैं अतः वे चारों दिशा से रक्षा करते हैं। वे पांच तत्वों की रक्षा करते हैं। घर में इनको उत्तर या पूर्व दिशा में रखना मंगलकारी होता है।

# 5 की संख्या इसलिए है शुभ

**पंचांग :** जिस पुस्तक या तालिका में तिथि, वार, नक्षत्र, करण और योग को सम्मिलित रूप से दर्शाया जाता है उसे पंचांग कहते हैं।

**पंचदेव :** सूर्य, गणेश, शिव, शक्ति और विष्णु ये पंचदेव कहलाते हैं। सूर्य की दो परिक्रमा, गणेश की एक परिक्रमा, शक्ति की तीन, विष्णु की चार तथा शिव की आधी परिक्रमा की जाती है।

**पांच उपचार पूजा :** गंध, पुष्प, धूप, दीप और नेवैद्य अर्पित करना पंच उपचार पूजा कहलाती है।

**पंच पल्लव :** पीपल, गूलर, अशोक, आम और वट के पत्ते सामूहिक रूप से पंच पल्लव के नाम से जाने जाते हैं।

**पंच पुष्प :** चमेली, आम, शमी, पद्म (कमल) और कनेर के पुष्प सामूहिक रूप से पंच पुष्प के नाम से जाने जाते हैं।

**पंच गव्य :** भूरी गाय का मूत्र(8 भाग), लाल गाय का गोबर16 भाग), सफेद गाय का दूध (12 भाग), काली गाय का दही (10 भाग), नीली गाय का घी (8 भाग) का मिश्रण पंचगव्य के नाम से जाना जाता है।

**पंचामृत :** दूध, दही, घी, चीनी (शकर), शहद का मिश्रण पंचामृत के नाम से जाना जाता है।

**पंचमेवा :** काजू, बादाम, किशमिश, छुआरा, खोपरागिट पंचमेवा के नाम से जाने जाते हैं।

# जब फकीर ने मुसाफिर को समझाया शमशान का महत्व



**फकीर** बन जाने के बाद इब्राहीम शहर से दूर एक झोंपड़ी बनाकर रहने लगे। शहर और उसके आसपास के इलाकों में उनकी बड़ी ख्याति थी। इसलिए शहर से दूर होते हुए भी उनके पास आने-जाने वालों का तांता लगा रहता था। इतना ही नहीं उस इलाके के अनजान लोग भी राह चलते इब्राहीम के पास रुकते थे। उनमें से कुछ ऐसे भी थे जो उनको पहचानते भी नहीं थे, लेकिन इब्राहीम का स्वभाव उनको बरबस रोक लेता था। आने वालों में ऐसे व्यक्ति भी थे जो उनसे बस्ती का रास्ता पूछते थे। वे सामने की ओर इशारा कर देते थे। जब कोई पूछता कि 'क्या कोई दूसरा रास्ता बस्ती की ओर जाता है?' तो वह कहते 'नहीं यही रास्ता बस्ती की ओर जाता है।' लेकिन जब वे लोग उनके बताए रास्ते पर जाते थे तो शमशान पहुंच जाते थे। लोगों को इस बात पर काफी खीज होती थी कि फकीर ने उनको गलत रास्ता बता दिया। कुछ लोग चुपचाप दूसरा रास्ता तलाशने में लग जाते थे। कुछ मन ही मन फकीर को कोसते हुए वापस लौट आते या दूसरे सही रास्ते की खोज में लग जाते। लेकिन एक दिन एक मुसाफिर को काफी गुस्सा आया कि फकीर इब्राहीम ने उनको गलत रास्ता बताया। मुसाफिर लौटकर आया और फकीर को खूब खरी-खोटी सुनाई। वह आदमी उनको लगातार भला-बुरा कहे जा रहा थी। जब वह थक गया तो चुप हो गया। उसके चुप हो जाने पर इब्राहीम शांति से उससे बोले, 'अरे भाई, क्या मरघट बस्ती नहीं है? तुम जिसको बस्ती कहते हो वहां आए दिन किसी न किसी की मौत होती रहती है। तब वह घर क्या उजड़ नहीं जाता? उन उजड़े घरों से ही मरघट में बड़ी बस्ती बन गई है। दूसरी बस्तियों में तो लोग उजड़ते बसते रहते हैं, लेकिन यहां तो एक बार जो बस गया वह हमेशा के लिए बस जाता है। उसको वहां से हटने की जरूरत नहीं होती है। इसलिए क्या यह बस्ती नहीं हुई? इसलिए मैंने तुमको बस्ती का सही रास्ता बतलाया।' यह सुनकर मुसाफिर चुप हो गया और आगे अपनी मंजिल की ओर बढ़ गया।



# सच्ची बातें...

**विश्वास हृदय की वह कलम है जो स्वर्गीय वस्तुओं को चित्रित करती है।** जिस प्रकार मैले दर्पण में सूरज का प्रतिबिंब नहीं पड़ता उसी प्रकार मलिन अंतःकरण में ईश्वर के प्रकाश का पतिबिंब नहीं पड़ सकता। **मित्र के मिलने पर पूर्ण सम्मान सहित आदर करो, मित्र के पीठ पीछे प्रशंसा करो और आवश्यकता के समय उसकी मदद अवश्य करो।** देश-प्रेम के दो शब्दों के सामंजस्य में वशीकरण मंत्र है, जादू का सम्मिश्रण है। यह वह कसौटी है जिस पर देश भक्तों की परख होती है। **दरिद्र व्यक्ति कुछ वस्तुएं चाहता है, विलासी बहुत सी और लालची सभी वस्तुएं चाहता है।** चंद्रमा अपना प्रकाश संपूर्ण आकाश में फैलाता है परंतु अपना कलंक अपने ही पास रखता है।

## मेष

नए कार्यों को लेकर मन में आशंका बनी रहेगी, लेकिन चिंता न करें आप सही दिशा में जा रहे हैं। सफलता अवश्य मिलेगी। मंगलवार को आपका भावुकतापन आपके ऊपर छाया रहेगा। बेहतर होगा कि दिल से नहीं दिमाग से काम लें। बुधवार को संतान पक्ष से शुभ समाचार के आसार हैं। शुक्रवार को घूमने जाने के लिए समय शुभ है। शुभ अंक- 808, शुभ रंग- सफेद।

## वृष

सप्ताह हर तरफ से शुभ रहेगा। मंगलवार को भूमि के क्रय-विक्रय की संभावना बनी रहेगी। बुधवार को ध्यान रखें कि बिना सोचे-समझे बोलने की आदत परेशानी में डाल सकती है। वीरवार को पदोन्नति/तरक्की आदि के अवसर प्रदान होंगे। सुख से जीने के लिए कुछ पूंजी अपने बैंक अकाउंट में जमा अवश्य करवाएं। शुभ अंक- 222, शुभ रंग- भूरा।

## मिथुन

परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होंगे या शुभ समाचार की संभावना है। नए कारोबार में सफलता मिलेगी। लंबे समय से चली आ रही दुश्मनी दोस्ती में बदलेगी। वीरवार को वैवाहिक जीवन में खुशियां जागेंगी। शनिवार को किसी भी प्रकार का जोखिम न उठाएं, जैसा चल रहा है वैसे ही चलने दें। शुभ अंक- 777, शुभ रंग- गुलाबी।

## कर्क

सप्ताह मौज-मस्ती भरा रहेगा। विद्यार्थी वर्ग को अपनी मेहनत का इच्छानुसार फल मिलेगा। मंगलवार को विदेश से शुभ समाचार मिलेंगे। आयात-निर्यात तथा नया वाहन खरीदने हेतू बुधवार का दिन शुभ है। जमीन-जायदाद से लाभ की संभावना है। सप्ताहांत में घर में अचानक मेहमान आने से घर का माहौल बदल जाएगा। शुभ अंक- 888, शुभ रंग- जामुनी।

## सिंह

जो लोग विदेश जाना चाहते हैं, उनके लिए सप्ताह शुभ है। मंगलवार को किसी अनजान व्यक्ति से धोखा हो सकता है। इसलिए सतर्क रहें। बुधवार को व्यापारी वर्ग दिल से काम करें, तभी लाभ शुरू होगा। वीरवार को लोन आवेदन दो बजे के बाद ठीक रहेगा। क्रय-विक्रय के समय पैसे का लेन-देन सावधानीपूर्वक करें। शुभ अंक- 55, शुभ रंग- काला।

## कन्या

कारोबार संबंधी भागदौड़ बनी रहेगी। मंगलवार का दिन युवकों के लिए मौज-मस्ती भरा रहेगा। बुधवार को नए मित्रों से मेलजोल बनेगा जो कि भविष्य में अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। महिलाएं अपने करियर के लिए जागरूक होंगी। वीरवार को जीवनसाथी से तकरार हो सकती है, परंतु उसे टालने का प्रयास करें। शुभ अंक- 333, शुभ रंग- भूरा।

## तुला

काम जितना चाहे कठिन हो, आप अपने मनोबल से बहुत सरलता से काम निपटा लेंगे। आप बुद्धिमान व श्रेष्ठ हैं तथा परोपकारी भी हैं, इसलिए आप अपने व्यवहार से सबको प्रभावित करने में सक्ष्म होंगे। अगर आपके मन में कोई उलझन है तो दोस्तों से विचार-विमर्श अवश्य करें, हल जरूर होगा। शुक्रवार को व्यापारिक सिलसिले से भागदौड़ बनी रहेगी। शुभ अंक- 101, शुभ रंग- पीला।

## वृश्चिक

इस सप्ताह आपके ऊपर काम का बोझ बढ़ेगा, इसलिए आप वैभव-विलासिता जुटाने का प्रयास करेंगे। मंगलवार को अचानक छोटी सी यात्रा आपके लिए लाभप्रद रहेगी। बुधवार को बातचीत करते समय चेहरे में मुस्कान लाएं एवं व्यवहार में नरमी बरतें। हां, साझेदारी में समझदारी आगे बढ़ाने में मदद करेगी। शुभ अंक- 202, शुभ रंग- काला।

## धनु

इस सप्ताह रुका धन मिलेगा। अधिकारियों एवं वीआईपी को मिलने के लिए सोमवार का दिन उत्तम है। कारोबार में अगर विस्तार लाने की सोच रहे हैं तो देरी मत करें, मंगलवार को शुरुआत करें। धन-संपत्ति के मामलों में कानूनी सलाह अवश्य ले लें। पारिवारिक यात्रा के लिए शुक्रवार/शनिवार का दिन शुभ है। शुभ अंक- 999, शुभ रंग- लाल।

## मकर

जिसे आप दिलो-जान से चाहते हैं, उसे दिल की बात कह डालें। मोहब्बत रंग लाएगी, रिश्ते और मजबूत बनेंगे। मंगलवार को ऐसा हो सकता है कि मेहनत आप करें और फायदा दूसरे उठाएं। बुधवार को कामकाज की स्थिति में सुधार होगा तथा लाभ का भी योग हैं। वीरवार को आय-व्यय में संतुलन के अभाव से परेशानी हो सकती है। शुभ अंक- 444, शुभ रंग- नीला।

## कुंभ

आपके मनोबल में बृद्धि होगी। किसी नई योजना की शुरुआत के आसार बन रहे हैं। मंगलवार को रिश्तेदारों से मुलाकात आपको प्रसन्नता देगी। प्यार-मोहब्बत के मामले में अच्छे समाचार मिलेंगे। बुधवार को किसी महत्वपूर्ण कार्य के लिए सही फैसला लेना मुश्किल होगा। बेरोजगारों को नौकरी में मन मुताबिक काम बनने के योग हैं। शुभ अंक- 606, शुभ रंग- लाल।

## मीन

कोई पुरानी बीमारी उभर सकती है, इसलिए डॉक्टरी सलाह को नजरअंदाज न करें। मंगलवार क्रय-विक्रय के लिए उत्तम है। कारोबारी यात्रा में लाभ की संभावना कुछ कम है, इसलिए इसे कुछ समय के लिए टाल दें। शेयर मार्केट एवं भूमि संबंधी मामलों के लिए समय उत्तम है। कार्यशैली में बदलाव के योग हैं। शुभ अंक- 888, शुभ रंग- जामुनी।

## वन-टू-वन



### परिहार ने लगवाई वैक्सीन, लोगों मे दिखा काफी उत्साह

**कंटालिया ।** कंटालिया वैक्सीनेशन सेंटर पर नरेश परिहार ने वैक्सीन लगवाई एवं एनकेपी न्यूज राजस्थान चीफ एडिटर एवं न्यूज चैनल हेड नरेश परिहार ने बताया वैक्सीनेशन कार्य को लेकर 18 प्लस आयु वर्ग के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कंटालिया के प्रभारी डॉक्टर नफीस अली ने बताया कि शुक्रवार को स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कंटालिया में 18 प्लस के ऊपर के आयु के व्यक्तियों को टीकाकरण किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कंटालिया के सामने आकर एकत्रित हो गए। 18 प्लस के वैक्सीन लगाने की जैसे ही वैक्सीनेशन की एक दिन पहले सूचना मिली, कई परिवार तो ऐसे थे वैक्सीन लगाने की खुशी में रात भर सो भी नहीं पाए, सुबह जल्दी उठकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने जाकर टोकन के लिए कतार में खड़े हो गए, कंटालिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 18 वर्ष से ऊपर की आयु के व्यक्तियो का टीकाकरण किया गया, ग्रामवासियों ने उत्साह से भाग लिया। इस मौके पर सुपरवाइजर दोलाराम भाटी, वेक्सीनेटर ऑफिसर- यास्मीन, वेक्सीनेसन ऑफिसर प्रथम मुकेश हेमलाणी, वेक्सीनेसन ऑफिसर द्वितीय सवाई सिंह, वेक्सीनेसन ऑफिसर तृतीय किशन सिंह जैतावत, वेक्सीनेसन ऑफिसर चतुर्थ डिम्पल आदि उपस्थित थे।




### तंमचे के साथ वायरल वीडियो की घटना में आरोपी युवक अवैध तमंचे सहित 24 घण्टे में गिरफ्तार

एस के माथुर ब्यूरो

**पुष्पांजली टुडे एटा ।** घटनाक्रमानुसार गुरुबार को गाँव नगला पवल में एक युवक मक्का का खेत से बाहर हाथ में अवैध असलहा लिये निकलते हुये सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था। जिसके सम्बन्ध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम गठित कर एवं वायरल वीडियो में अवैध असलहा लिये हुये युवक को चिन्हित कर तत्काल गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये। इसी क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये उक्त युवक को चिन्हित करते हुये मुखबिर की सूचना पर शुक्रबार को वायरल वीडियो में प्रयुक्त अवैध असलहा सहित जिरसमी नहर पुल के पास से सफलता पूर्वक गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ पर गिरफ्तार युवक ने बताया कि मक्का की फसल मे जंगली सुअरों द्वारा नुकसान किया जा रहा था। इसी कारण उसके द्वारा जंगली सुअर को मारने व भगाने के उद्देश्य से यह गलत तरीका अपनाया गया। इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर 5 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।



### बुंदेले हरबोलों के मुँह हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसीवाली रानी थी

बृजपाल सिंह गुर्जर संवाददाता

**मेहगांव** विधानसभा क्षेत्र में एनएसयूआई कार्यालय पर महारानी लक्ष्मी बाई बलिदान दिवस पर वीरांगना लक्ष्मीबाई को माल्यार्पण कर याद किया गया इसमें एनएसयूआई के विधानसभा अध्यक्ष अंकित तोमर एवं जिला कांग्रेस के सचिव मनीष शिवहरे और एनएसयूआई के जिला प्रवक्ता रोहित शुक्ला कृष्णा गुर्जर, श्यामू गुर्जर अंशु भदोरिया मनीष गुर्जर भोले गुर्जर बंटी शुक्ला सहित समस्त एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं के द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। अंकित तोमर ने कहा 1851 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेज़ी शासन के विरुद्ध अग्रिम भूमिका निभाकर अपने प्राणों की आहुति देने वाली महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई जी के बलिदान दिवस पर शत शत नमन। जिसमें प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस के सचिव मनीष शिवहरे जी ने कहा की हमको ऐसे महापुरुषों को उनकी जयंती एवं पुण्यतिथि और बलिदान दिवस को कभी नहीं भूलना चाहिए मैं बताना चाहता हूं सभी राजनीतिक संगठन सभी सामाजिक संगठन ऐसे कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा भाग लिया करें और ऐसे महापुरुषों को हमेशा याद किया करें वीरांगना लक्ष्मीबाई के बारे में मैं क्या बताऊं उनके लिए मेरे पास बताने के लिए शब्द नहीं है होने नारी शक्ति में एक मिसाल पैदा की जिला प्रवक्ता रोहित जी ने कहा ऐसी वीरांगना महिलाओं के कारण ही भारत की भूमि पवित्र मानी जाती है महिलाओं एवं नारी शक्ति के प्रेरणा स्त्रोत है रानी लक्ष्मीबाई।

# 'महा वैक्सीनेशन अभियान की तैयारियों संबंधी बैठक संपन्न'

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ

**भोपाल(पुष्पांजली टुडे)।** प्रथम दिन 15000 से अधिक लोगों को वैक्सीनेट करने का लक्ष्य 21 जून से शुरू होने वाले महा वैक्सीनेशन अभियान की तैयारियों के लिए आज पुलिस कंट्रोल रूम में बैठक आयोजित की गई । बैठक में कलेक्टर अविनाश लवानिया ने सभी अधिकारियों को कहा है कि इस महावैक्सिनेशन के प्रथम दिन 15000 से अधिक लोगों को वैक्सीनेट करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है इसकी पूर्ति के लिए सभी विभाग के अधिकारी अपने स्तर पर कार्य करें और अपनी जहां-जहां जिन क्षेत्रों में रह रहे हैं उन क्षेत्रों में भी लोगों को प्रेरित करें।

जिले में 18 + हर व्यक्ति को वैक्सीन लगाना अनिवार्य है हमारा यह प्रयास है की 10 दिन में अधिक से अधिक लोगो को वैक्सीन लगा दी जाये।

इसके साथ ही से कलेक्टर ने कहा वैक्सीनेशन के लिए ऐसी जगहों पर केंद्र बनाया जहा अधिक से अधिक लोग आ सके । वैक्सीनेशन सेंटर कम्युनिटी हॉल ,स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं ऐसी जगह जहां पर अधिक से अधिक लोग आ सकते हैं और आसानी से पहुंच सकते हैं ऐसी जगहों पर बनाए जाएं।

महा वैक्सिनेशन के अंतर्गत प्रथम और दूसरा दोनो डोज लगाए जाएंगे इसके लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के साथ-साथ ऑन साइट रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी । कोई व्यक्ति अपना आई डी,आधार कार्ड और पहचान पत्र ले जाकर भी रजिस्ट्रेशन करा कर आ सकता है ।



वैक्सिनेशन के लिए बूथ लेवल पर प्लानिग की जा रही है। इसके लिए बूथ लेबल पर जिला और राज्य स्तर के प्रेरक व्यक्तियो को भी आईकान बनाकर लोगो को प्रेरित करने का काम किया जा रहा है। प्रेरक व्यक्ति विशेष खिलाड़ी, सामाजिक कार्यकर्ता, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और समाज के प्रति जिम्मेदार व्यक्ति, धर्मगुरु, होंगे जो लगातार आसपास के क्षेत्रों को लोगों को वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित करेंगे । इसमें सभी खेलो के खिलाड़ी ,सामाजिक कार्यकर्ता, पद्म भूषण, समाजसेवी ,समाज अध्यक्ष आदि भी सम्मिलित होंगे उत्साह पूर्वक उत्सव माहौल में इस महाअभियान को शुरू किया जाएगा ।

इसमें सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी सक्रिय रूप से भाग लेंगे इसके साथ ही प्रथम दिन 15000 लोगों को वैक्सीनेशन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है इसके साथ ही लगातार प्रत्येक दिन 50 से अधिक लोगों को वैक्सीन लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । लक्ष्य की पूर्ति के लिए अधिक से अधिक सक्रिय रहने की आवश्यकता है ?।बैठक में डीआईजी इरशाद वली, जिला पंचायत सीईओ विकास मिश्रा, अपर कलेक्टर, एसडीएम, पुलिस विभाग के अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे ।

### स्मेक नशे के व्यापार को रोकने एवं जिला पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता पर कार्यवाही करने सोपा ज्ञापन

**श्योपुर।** प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. गोपाल आचार्य ने गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा से मिलकर बताया कि श्योपुर जिले में स्मेक नशे के व्यापार चरम सीमा पर है जिसके कारण जिले में चोरी की वारदातें बड़ रही है श्योपुर पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता के कारण स्मेक कारोबार करने वाले भय मुक्त है जिले के सभी सामाजिक संगठन राजनेतिक दलों आमजनता द्वारा ज्ञापन मशाल जुलूस किन्नर समाज द्वारा भी आंदोलन में भाग लेकर जिले स्मेक कारोबार चोरी वारदातों पर रोक लगाने की मांग की जा चुकी है डॉ. गोपाल आचार्य ने गृह मंत्री से निवेदन किया की आप श्योपुर जिले में स्मेक कारोबार पर रोक लगवाए व जिला पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता पर कार्यवाही करें इस अवसर पर भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी नरेंद्र वैष्णव व पूर्व सांसद प्रतिनिधि सतीश समाधिया उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह जी तोमर से एमपीसीसीआई के पदाधिकारियों ने की सौजन्य भेंट

## कोविड-19 महामारी में माननीय मंत्री जी द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्यों के लिए किया हार्दिक आभार व्यक्त

**ग्वालियर 18 जून।** म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (एमपीसीसीआई) के अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल द्वारा आज केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री-माननीय श्री नरेन्द्र सिंह जी तोमर से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने केन्द्रीय मंत्री-माननीय श्री नरेन्द्र सिंह जी तोमर को उनके द्वारा कोविड-19 महामारी की द्वितीय लहर में ग्वालियरवासियों को जो ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, रेमडेसिविर इंजेक्शन, ऑक्सीन गैस की त्वरित आपूर्ति व कोविड-19 के इलाज में आवश्यक अन्य दवाओं की पूर्ति हेतु जो उल्लेनखीय एवं सराहनीय प्रयास किये गये उसके लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। केन्द्रीय मंत्री महोदय के प्रयास से ग्वालियर में कोरोनों मरीज जल्दी रिकवर हुये और हजारों लोगों का जीवन सुरक्षित हुआ।




इस अवसर पर पदाधिकारियों द्वारा व्यापार एवं उद्योग के विकास पर चर्चा हेतु माननीय श्री नरेन्द्र सिंह जी तोमर को चेम्बर भवन में अगले ग्वालियर प्रवास पर पधारने हेतु आमंत्रित किया।

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री-श्री नरेन्द्र सिंह जी तोमर द्वारा एमपीसीसीआई के पदाधिकारियों के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए आश?वस्त किया कि वह शीघ्र ही व्यापार एवं औद्योगिक विकास पर चर्चा के लिए चेम्बर ऑफ कॉमर्स में पधारेंगे।

### शहर में जन जागरूकता करने के उद्देश्य से वैक्सीन, मास्क, एवं सोशल डिस्टेंसिंग का संदेश देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया




सागर शर्मा की रिपोर्ट

**ग्वालियर ।** कार्यक्रम का शुभारंभ ग्वालियर के विकास की मसीहा लोकप्रिय पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता जी के द्वारा किया गया, कार्यक्रम का संचालन वार्ड क्रमांक 46 के जनसेवक एवं वरिष्ठ समाजसेवी उपाध्यक्ष ग्रेटर ग्वालियर साहू समाज समिति विनोद साहू के द्वारा किया गया।

जन जागरूकता कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 46 के सभी क्षेत्रों में जा जाकर वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर घनश्याम गुप्ता जी, एवं वार्ड क्रमांक 46 के जनसेवक विनोद साहू एवं उनकी टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

वार्ड क्रमांक 46 के जनसेवक विनोद साहू जी के द्वारा पूरे कोरोना काल में लगातार अपनी स्वयं निधि से सभी गरीब परिवारों को राशन सामग्री, शासकीय अस्पतालों में मरीजों एवं उनके परिजनों को भोजन के पैकेट, क्षेत्र में सभी गलियों एवं कॉलोनियों में सॉन्ग अपनी निधि से मशीन खरीद कर सैनिटाइजर, अपने निवास के नीचे जनसेवा कार्यालय भी खोला हुआ है जिसमें समय-समय पर शिविर भी लगाई जाते है जिसमें आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, गरीबी रेखा कार्ड, मजदूरी कार्ड, शिविर आयोजित करवा चुके है जिसमें हजारों लोगों को इसका लाभ मिल चुका है, क्षेत्र में पानी की समस्या के लिए भी उन्होंने कई बार अपने स्वयं निधि से टैंकर की व्यवस्था करवा कर क्षेत्र में पहुंचाएं। विनोद साहू जी का मानना है कि जन सेवा ही भगवान की सेवा के बराबर है।

# दतिया में लगभग 50 लाख की लागत से सर्व सुविधा युक्त आधुनिक सब्जी मंड़ी बनेगी : गृह मंत्री डॉ. मिश्र

संदीप प्रधान उप संपादक दतिया

**दतिया, 18 जून 2021/** मध्यप्रदेश शासन के गृह, जेल, संसदीय कार्य, विधि एवं विधायी कार्य विभाग के मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने कहा कि दतिया की सब्जी मंडी का आधुनिकीकरण कर सब्जी विक्रेताओं को बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराई जायेगी। सब्जी मंड़ी के आधुनिकीकरण कार्य पर लगभग 50 लाख की राशि खर्च की जावेगी।

गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र शुक्रवार को दतिया में सब्जी मंड़ी में सब्जी विक्रेताओं द्वारा उनके सम्मान में आयोजित किए गए सम्मान समारोह को संबोधित कर रह थे।

गृह मंत्री डॉ. मिश्र ने कहा कि 50 लाख की लागत से दतिया सब्जी मंड़ी का आधुनिकीकरण कर सब्जी विक्रेताओं को बेहतर सुविधायें भी उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होंने कहा कि 30 लाख के मंड़ी कार्य के साथ ही 10 लाख की लागत का सर्वसुविधा युक्त आधुनिक शौचालय का भी निर्माण किया जायेगा। इस प्रकार लगभग 50 लाख के कार्य मंड़ी में किये जायेंगे।



### सब्जी विक्रेता अपना पंजीयन करायें

डॉ. मिश्र ने सब्जी विक्रेताओं से कहा कि वह अपना पंजीयन अवश्य करायें। जिससे गरीबों को उनका बाजिब हक मिल सके। गृह मंत्री ने निर्माण एजेंसी एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सब्जी मंड़ी की बहुमंजिला डिजाईन बनाई जायेगी। जिससे भविष्य में बहुमंजिला सब्जी मंडी का भी निर्माण किया जा सके। गृह मंत्री ने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य 20 जुलाई से शुरू होकर 6 माह में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें।

आधुनिक सब्जी मंड़ी योजना के तहत् चबूतरा का पुनः निर्माण कर उन पर शेड़ लगाये जायेंगे। वर्तमान सब्जी मंड़ी की बाउण्ड्री को दो फीट ऊंचा कर जाली लाई जावेगी। सब्जी विक्रेताओं को पेयजल की समस्या न आये इसके लिए शुद्ध एवं शीतल पेयजल हेतु फ्रीजर की व्यवस्था की जायेगी। मंडी प्रांगण में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था हेतु हाई मास्ट लाईट भी लगाई जायेगी तथा आधुनिक शौचालय का निर्माण किय जायेगा।

इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. आशाराम अहिरवार, कलेक्टर श्री संजय कुमार, श्रीमती रजनी पुष्पेन्द्र रावत, सर्वश्री योगेश सक्सैना, कालीचरण कुशवाहा, मुलू उपाध्याय, बलवीर कुशवाहा, गिन्नी राजा, प्रताप कुशवाहा, अतुल भूरे चैधरी, सनत पुजारी, रफीक राईन सहित अन्यजन उपस्थित थे।

### पुलिस थाना हजीरा को मिली बड़ी सफलता 5000 रुपये इनामी को किया गिरफ्तार

सुरजीत सिंह क्राइम ब्यूरो




**पुष्पांजली टुडे ग्वालियर।** हजीरा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि एक 5000 रुपये फरारी व्यक्ति मुरैना में छुपा है जिस पर थाना प्रभारी आलोक परिहार के नेतृत्व में शैलेन्द्र चौहान ने एक टीम गठित करके आरोपी को मुरैना से गिरफ्तार करके हजीरा थाना लाया गया। आपको बता दे कि फरियादिया द्वारा थाना हजीरा में आकर रिपोर्ट लिखाई गई थी कि राजेश सिसोदिया पुत्र महावीर सिसोदिया निवासी चंबल कॉलोनी मुरैना ने शादी का लालच देकर काफी लंब्बे समय तक गलत काम करता रहा जिस पर थाना हजीरा में अपराध क्रमांक 33/21, धारा 316, 506 तहत कायमी हुई थी जिसके चलते अपराधी फरार चल रहा था जिसके ग्वालियर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 5000 रुपये का ईनाम घोषित किया गया था।

## न्यायालय में आदर्श रहै एजीपी रामसेबक शर्मा के प्रति अम्बाह की जनता की एक बार फिर निगाहें सफल

# बडी मुश्किल से मिलता है चमन को दीदार पैदा...

राधा तोमर रिपोर्टर

**पुष्पांजली टुडे**

अम्बाह... अम्बाह की बेहतर न्यायालय की व्यवस्था और नवाचार के पहचाने जाने वाले एजीपी रामसेबक शर्मा जी अभी कमान संभाले हुऐ थे ईमानदार, मेहनती, गंभीर, शासकीय बकील शर्मा जी अम्बाह न्यायालय में दो साल पहले चुने गये थे और शहर से लेकर गांव तक उन्होंने अपनी कार्यशैली की छाप छोड़ी है अल्प समय ही सही अम्बाह की जनता एजीपी रामसेबक शर्मा जी का कार्यकाल भूल नहीं पायी कि शासन ने उन्है द्वावारा एजीपी न्यायालय में बना दिया पूर्ब में अम्बाह ब्राम्हण समाज में उपाध्यक्ष रहै है शर्मा जी अम्बाह की जनता के हृदय में बसे हुये है उनके कार्य काल में गुन्डे बदमाश को न्याय के प्रति बक्सा नही गया इसलिये गुन्डे बदमाश मबाली रहै अपराधी भूमिगत होगये थे अम्बाह पोरसा की जनता उनके कार्यकाल में सुकून महसूस कर रही थी इससे साफ प्रतीत होता है कि एजीपी ने अम्बाह पोरसा की जनता के दिलों के बीच राज किया होगा अम्बाह पोरसा की जनता की निगाहें एक बार पुन~ उन्हीं की राह देख रही थी जनता के प्रति सरकार सोचती है अपनी बेहतरीन कार्य प्रणाली के जरिए ना सिर्फ जनता के बीच न्याय की छवि बनाई और जनता का विश्वास न्याय में बढ़ाया है बल्कि अपने मेहकमे न्यायालय में भी एक उदाहरण बन कर सामने आए



लोगों तक उनकी पहुच बहुत ही अच्छी रही है और सीधे, सरल, गंभीर, रहम, दिलवाले एजीपी रामसेबक शर्मा का अंदाज भी निराला है चाहे पीड़ित हो या कोई भी फरियादी हर कोई उनके दरवाजे से न्याय पाकर ही लौटता है उन्होंने ना सिर्फ जनता का विश्वास जीता बल्कि उन्होंने अपने न्यायालय में भी सभी का दिल जीत लिया है 11/6/2021 को अम्बाह न्यायालय में पुन~ जिम्मेदारी संभालने के आदेश जारी हुआ है क्षैत्र की जनता में खुशी की लहर है अम्बाह की जनता उनका का तहे दिल से स्वागत कर मिठाइयॉ बाट रही है और न्याय में अच्छे परिणामो आशा के साथ उनके उज्जवल भबिष्य की कामना करती है एकबार पुन~ सादर शुभकामनाये साधुबाद

### खेले को खेल की भावना से खेलेः सीरवी

पुष्पांजली टुडे

**पाली।** गुरुवार सुबह बिजपुर प्रीमियर लीग का उद्घघाटन समारोह में पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि हरिश सिरवी ने खेल को खेल की भावना से खेलने की अपील की इस दौरान शिवपुरा सरपंच प्रतनिधि नेमाराम मेघवाल ने खेल को निष्ठा ईमानदारी से खेलने की अपील कि। बिजपुर प्रीमियर लीग में क्षेत्र की लगभग 32 टीम भाग लें रही है। प्रतियोगिता को लेकर गांव में खुशी का माहोल है। आयोजन कर्त्ता सुरश शर्मा सोहन सरगरा खालिद अरविंद शर्मा के हाथो से मुख्य अतिथि सिरवी व नेमाराम का स्वागत किया।

# भिंड शहर में 50 पलंग के आयुर्वेद अस्पताल की अनुशंसा, भारत सरकार के पास जाएगा प्रस्ताव

### भिंड विधायक संजीव सिंह संजू की मांग पर आयुष संचालनालय से भारत सरकार को भेजा जा रहा प्रस्ताव



भिण्ड। शहर के लोगों के लिए बड़ी खबर है। भिंड शहर में 50 पलंग के आयुर्वेद अस्पताल के लिए आयुष संचालननालय ने अनुशंसा कर दी है। अब इसका प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जाएगा। आयुष मिशन के तहत शहर में इस अस्पताल को खोले जाने के लिए अनुशंसा की गई है। भिंड विधायक संजीव सिंह संजू की मांग पर आयुष राज्यमंत्री रामकिशोर कांवरे ने आयुष आयुक्त को इस पर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था। आयुष संचालनालय ने आयुर्वेद अस्पताल के लिए सहमति दे दी है। अब भारत सरकार से प्रस्ताव स्वीकृत होते ही शहर को 50 पलंग के आयुर्वेद अस्पताल के रूप में नई सौगात मिल जाएगी।

भिंड विधायक संजीव सिंह संजू ने बताया कि भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद का लोहा विश्वभर ने माना है। शहर के लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और आयुष मंत्री रामकिशोर कांवरे से आयुर्वेद अस्पताल की मांग की थी। विधायक ने कहा आयुष मिशन से भिंड की यह मांग पूरी की जा रही है। विधायक संजीव सिंह संजू ने बताया कि उन्हें आयुष संचालनालय से उप संचालक डा. पीसी शर्मा ने पत्र भेजा है। पत्र के माध्यम से बताया गया है कि बताया गया है स्टेट एनुअल एक्शन प्लान (एस.ए.ए.पी.) 2021-22 में भिंड में 50 बिस्तर के आयुर्वेद अस्पताल का प्रस्ताव भारत सरकार की ओर भेजा गया है। विधायक संजू ने बताया उनकी मांग के बाद आयुर्वेद अस्पताल के लिए आयुष मंत्री श्री कांवरे ने आयुष संचालनालय को 19 मार्च 2021 को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया था। भारत सरकार से 50 पलंग के आयुर्वेद अस्पताल को स्वीकृति मिलते ही यह भिंड के लोगों के लिए बड़ी सौगात होगी।

#### चंबल के जिलों में नहीं है 50 पलंग का आयुर्वेद अस्पताल

विधायक संजीव सिंह संजू ने बताया कि भिंड के लिए यह बड़ी सौगात इसलिए भी होगी कि चंबल संभाग के जिलों में वर्तमान में 50 पलंग का आयुर्वेद अस्पताल कहीं भी नहीं है। विधायक ने कहा कि हमारे जिले में अभी सिर्फ आयुष के तहत आयुर्वेद की ओपीडी की सुविधा है। मरीज को भर्ती करने के लिए अस्पतोल में पलंग की सुविधा नहीं है, लेकिन आयुष मिशन से जल्द ही शहर को 50 पलंग के आयुर्वेद अस्पताल की सौगात मिल जाएगी। उन्होंने कहा वे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, आयुष मंत्री श्री कांवरे का आभार व्यक्त करते हैं।

#### आयुर्वेद अस्पताल के लिए जमीन की जाएगी चिन्हित

विधायक संजीव सिंह संजू ने बताया कि भारत सरकार को प्रस्ताव भेजे जाने के साथ ही 50 पलंग के आयुर्वेद अस्पताल के लिए जमीन चिन्हित की जाएगी। विधायक ने कहा कि उन्होंने जमीन के संबंध में कलेक्टर सतीश कुमार एस से बात की है। कलेक्टर ने जमीन चिन्हित करने के लिए भिंड एसडीएम को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि अस्पताल के लिए जमीन चिन्हित कर भोपाल आयुष संचालनालय में जानकारी भेजी जाएगी। इससे भारत सरकार से स्वीकृति के तत्काल बाद अस्पताल निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

## जिला चिकित्सालय भिण्ड में रक्तदान शिविर का आयोजन

भिण्ड। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर के द्वारा रिट पिटीशन नं. 9379/2021 में दिये गए आदेश के अनुपालन में संपूर्ण म.प्र. में रक्त दान शिविर आयोजित किये जाने है। जिसका औपचारिक शुभारंभ कार्यपालक अध्यक्ष म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के द्वारा 26 जून 2021 को प्रातः10 बजे ऑनलाईन मॉड द्वारा किया जायेगा। उक्त रक्तदान शिविर में छात्र समुदाय एवं आम जनसमान्य वर्तमान आपदा में ब्लड बैंकों में खून की कमी की समस्या से निजात दिलाने में बड़ा योगदान दे सकते है। इसी तारतम्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय भिण्ड के द्वारा भी 26 जून 2021 को जिला चिकित्सालय भिण्ड में जिला प्रशासन के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आमजन सामान्य एवं स्वंय सेवी संगठनों से अपील की जाती है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उक्त रक्तदान शिविर में अपनी सक्रिय सहभागिता कर इस रक्त दान शिविर को सफल बनाऐं।

## भाजपा कार्यकर्ता वृक्षारोपण के साथ बूथ स्तर तक मनाएंगे योग दिवस एवं डॉ मुखर्जी का बलिदान दिवस



**गोरमी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल गोरमी के मंडल पदाधिकारियों की कामकाजी बैठक नगर के वार्ड नंबर 4 स्थित पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता निर्मल आर्य के निवास पर आयोजित की गई बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक एवं विशेष अतिथि के रुप में पार्टी के वरिष्ठ नेता अरविंद वर्मा मौजूद थे बैठक के प्रारंभ में सभी अतिथियों ने भाजपा के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया ।बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा विस्तार से प्रस्तुत की ।मंडल अध्यक्ष थापक ने बताया कि पार्टी द्वारा आगामी 21 जून को मंडल में दो स्थानों पर कार्यकर्ता कोरोना गाइडलाइन के अनुसार योग दिवस मनाएंगे आगामी 23 जून को भाजपा के संस्थापक सदस्य डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर मनाएंगे इसके अलावा 27 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को बूथ स्तर तक टीवी एबम रेडियो के माध्यम से सुना जाएगा पार्टी कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ केंद्र पर विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाकर 11 पौधे हर बूथ पर लगाएंगे। इनकी देखभाल कार्यकर्ता खुद करेंगे इसके अलावा टीकाकरण अभियान मेरा बूथ कोरोना मुक्त बूथ अभियान भी चलाया जाएगा इस अवसर पर विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित वरिष्ठ नेता अरविंद वर्मा ने कहा किसी भी कार्यक्रम की सफलता के लिए टीम भावना का होना बेहद जरूरी है इसलिए हम लोग संगठन द्वारा जो कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं उन सबको अपना कर्तव्य मानते हुए कार्यक्रमों की ऐतिहासिक सफलता के लिए एकजुट होकर मेहनत करें एवं समाज में यह संदेश दे कि भाजपा हमेशा रचनात्मक एवं सामाजिक कार्यों में आगे रहती है । बैठक में मंडल के सभी पदाधिकारियों को अलग-अलग कार्यक्रम का प्रभारी भी नियुक्त किया गया ।

बैठक का संचालन मंडल महामंत्री निर्मल आर्य एवं अंत में आभार प्रकट मंडल उपाध्यक्ष ध्रुव शर्मा ने किया बैठक के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत मंडल मंत्री शिवराज यादव ने किया बैठक मुख्य रूप से अरविंद वर्मा, निर्मल आर्य, मनीष अग्रवाल, ध्रुव शर्मा, सुनीता आर्य, दिवाकर शर्मा, शिवराज यादव, जितेंद्र गुर्जर, रज्जन भदौरिया विधिराम कटारे, अरविंद जैन आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## फिंगर प्रिंट शाखा में पदस्थ आरक्षक देवेन्द्र बने प्रधान आरक्षक



**भिण्ड।** पुलिस विभाग द्वारा जारी आरक्षक से लेकर कार्यवाहक प्रधान आरक्षक की पदोन्नती के लिए सूची जारी की गई है। शुक्रवार को उपपुलिस अधीक्षक कमलेश सिंह खरपुसे एवं प्रभारी फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ ने आरक्षक देवेन्द्रसिंह की पदोन्नति करते हुए प्रधान आरक्षक की उनके बाजू पर फीती लगाकर उनका प्रमोशन किया गया। आरक्षक देवेन्द्र जो फिंगर प्रिंट शाखा में विगत वर्षो से सफल एवं उत्कृष्ट कार्य सम्पन्न किये हैं उन्होंने कई ब्लैंक मर्डर एवं चोरियो में फिंगर प्रिंट की सहायता से ट्रेस लिए जो कार्य सराहनीय रहे। उप पुलिस अधीक्षक व एफएसएल एवं प्रभारी फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ ने देवेन्द्र के उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं करते प्रमोशन के अवसर पर शुभकामनाएं एवं बधई दी।

## माता-पिता की असमय मृत्यु हो जाने पर मुख्यमंत्री बाल कल्याण योजना बनी बच्चों का सहारा

### सहकारिता मंत्री डॉ भदौरिया ने वर्चुअल वितरित किए स्वीकृति पत्र



**भिण्ड ।** भिण्ड जिले के अटेर विधानसभा क्षेत्र के पुरवंशी मोहल्ला निवासी नरेन्द्र एवं उनकी पत्नी कमला की असमय मृत्यु 06 मार्च 2021 को हो जाने से चार बच्चों के जीवन मे छाए अंधेरे में मुख्यमंत्री बाल कल्याण योजना सहारा बनी है।


सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बच्चों की दादी श्रीमती बल्ली देवी से चर्चा की एवं अनुविभागीय अधिकारी उदय सिंह सिकरवार ने गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में श्रीमती बल्ली देवी को स्वीकृति आदेश प्रदान किए। योजना के तहत प्रत्येक बच्चे को 5000 रुपये प्रतिमाह की पेंशन राशि के साथ संरक्षक को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत निःशुल्क खाद्यान प्रदान किया जाएगा, इसके अलावा बच्चों की पढ़ाई लिखाई की व्यवस्था शासन द्वारा निःशुल्क की जाएगी। मुख्यमंत्री बाल कल्याण योजना 2021 के तहत ऐसे बच्चे जिनके माता पिता की मृत्यु 1 मार्च 2021 से 30 जून 2021 के बीच हुई है, अनाथ हुए बच्चों को आर्थिक सहारे के साथ साथ खाद्यान सुरक्षा एवं पढ़ाई लिखाई की पूर्ण व्यवस्था प्रदान करने हेतु प्रावधान किया गया है।

## पत्रकार सम्मेलन सम्पन्न : पत्रकारों के हितों में कई संकल्प पारित किये गए



**भिण्ड।** शुक्रवार को मध्यप्रदेश प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा की अध्यक्षता में जिले के सभी पत्रकारों की बैठक श्रीधर गोस्वामी धर्मशाला अटेर रोड़ भिण्ड में आयोजित की गई। इसमें अंचल तथा शहर के सभी पत्रकार संगठनों के सदस्य जिनकी संख्या एक सैकड़ा से अधिक थी, शामिल हुए। गहन विचार विमर्श के बाद आपसी मतभेद भुलाकर जनहित में कार्य करने तथा पत्रकारों के हितों की रक्षा का संकल्प लेते हुए यह तय किया गया कि कोई भी पत्रकार सोशल मीडिया पर अन्य किसी भी साथी के परिवार तथा उसके स्वयं के चरित्र हनन के समाचार पोस्ट नहीं करेगा। यदि उसके खिलाफ पुख्ता सबूत हैं तो उन सबूतों के साथ आज की बैठक में गठित की गई समितियों के समक्ष रखेगा। संबंधित समिति शिकायतों की छानबीन करके अपनी रिपोर्ट अनुशासन समिति को देगी। इस पर निर्णय लिया जायेगा। संबंधित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। सर्व सम्मति प्रस्ताव पारित करते हुए बैठक में तीन समितियों के गठन करने का निर्णय लिया गया पहली अनुशासन समिति, दूसरी मॉनिट्रिंग समिति, तीसरी समन्वय समिति रहेगी। प्रत्येग समिति में पांच-पांच पत्रकार शामिल किये जायेंगे। यह भी संकल्प पारित किया गया कि किसी भी पत्रकार को नीचा दिखाने के उद्देश्य से कोई भी पोस्ट नहीं किया जायेगा। सर्वसम्मति से इन प्रस्तावों को स्वीकार किया गया। पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन को सुदृढ़ बनाने के लिए अपनी दृढ़ बतायी। यह भी तय किया गया कि कोई भी पत्रकार यदि किसी अधिकारी अथवा नेता के विरूद्ध सप्रमाण कोई खबर प्रकाशित करता है तो अनावश्यक रूप से उस अधिकारी अथवा नेता की जनहित विरोधी कार्यवाहियों का समर्थन नहीं करेगा। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा, भानू श्रीवास्तव, प्रदीप चौधरी, अब्बास अहमद, परानिधेश भारद्वाज, सौरभ शर्मा, विवेक जोशी, गणेश भारद्वाज, संजय पाठक, सुभाष त्रिपाठी, विश्वनाथ श्रीवास, कौशल शर्मा, मनीष ऋषिश्वर, शिवकुमार समाधिया, दीपक चौधरी, पंकज द्विवेदी, पीयूष श्रीवास्तव, शैलेन्द्र मिश्रा, मायाराम मिश्रा, कमल किशोर शर्मा, अजय शर्मा, गिरीश जोशी, दिनेश सोनी, दिलीप सोनी, प्रमोद भदौरिया, संजय शर्मा, शशिकांत गोयल, हजरत हयात, ब्रजेश यादव, आदित्य द्विवेदी, गिर्राज पाण्डेय, पिंकी श्रीवास्तव, प्रेमनारायण शर्मा, अक्षय जोशी, हसरत अली, श्यामसुंदर उपाध्याय, धर्मेन्द्र ओझा, प्रदीप राजावत, विक्रांत सिंह परमार, गणेश शाक्य, शुभम जैन, आलोक भारद्वाज, दीपेन्द्र बौहरे, रविरमन प्रजापति, विवेक त्रिपाठी, सहित एक सैकड़ा से अधिकार पत्रकारगण उपस्थित रहे।

## योग से विकसित होती है शारीरिक, मानसिक व आत्मिक शक्ति : आशुतोष शर्मा नंदू



**भिण्ड।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग भारत सरकार द्वारा संचालित नेहरू युवा केंद्र भिंड के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आशुतोष शर्मा नंदू ने दिया योग करने का संदेश उन्होंने बताया कि 21 जून 2021 को विश्व योग दिवस का अवसर है कोरोना के दौर में 1000 परिवारों से फोन कॉल के माध्यम से संपर्क बनाया और उनसे आग्रह किया प्रातः प्रतिदिन घर पर ही रह कर अपने संपूर्ण परिवार के साथ योग करें एवं अपनी उर्जा को बढ़ाएं इस समय कोरोना का दौर है तो अपनी प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए योग अत्यंत आवश्यक है तभी यह संभव हो सकता है कि हम अपने शरीर से रोग एवं विकारों को दूर कर सकते है योग करने की फायदे अनेकानेक शरीर को लचीला और मजबूत बनाता है जिम में आप किसी खास अंग का ही व्यायाम कर पाते है जबकि योग से शरीर के संपूर्ण अंग प्रत्यंगों, ग्रंथियों का व्यायाम होता है। जिस वजह से हमारे सारे अंग सुचारू रूप से अपना कार्य करते है क्योंकि योग से हमारे शरीर के अंगों को बल मिलता है जिससे हमारा शरीर दिन-प्रतिदिन लचीला और मजबूत होता जाता है।

तरो-ताजा और स्फूर्ति बनाए रखता है नियमित योग से आप खुद को प्रकृति के नजदीक महसूस करते हैं जिससे आप पूरे दिन तरोताजा और स्फूर्ति महसूस करते है। मानसिक तौर पर भी आप शांत रहेंगे जिससे तनाव भी दूर होगा।

**मन को रखे शांत :**

जब मन मस्तिष्क शांत होंगे तो तनाव भी दूर होगा। नियमित योग आसनों और ध्यान से मस्तिष्क शांत होता है और शरीर संतुलित रहता है । योग से दिमाग के दोनों हिस्से दुरुस्त काम करते है जिससे आंतरिक संचार ठीक होता है। नियमित योग से सोचने की क्षमता और सृजनात्मकता वाले हिस्सों में संतुलन बढ़ता है। इससे बुद्धि तेज और शार्प होती है साथ ही आत्मनियंत्रण की शक्ति में भी तेजी से वृद्धि होती है। रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाए योगाभ्यास से चेहरे पर चमक आती है। शरीर में दिन-प्रतिदिन रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ती हैं। बुढ़ापे में भी स्वस्थ बने रहते हैं। शरीर निरोग, बलवान और स्वस्थ बनता है। तनाव से रखे दूर योग के नित्य अभ्यास से मांसपेशियों की अच्छी कसरत होती है। जिस कारण तनाव दूर होता है, ब्लड प्रेशर-कॉलस्ट्रॉल कंट्रोल होता है, नींद अच्छी आती है, भूख भी अच्छी लगती है और पाचन भी सही रहता है । इसके नियमित अभ्यास से तनाव धीरे-धीरे पूर्णरूप से खत्म हो जाता है ।

**दर्द और मोटापा से रखे दूर :**

योग से शरीर फ्लेक्सिबल होता है और शरीर को शक्ति मिलती है। इसके नियमित अभ्यास से पीठ, कमर, गर्दन, जोड़ों के दर्द की समस्या तो दूर होती ही है साथ ही योग आपके शरीर की खराब मुद्रा की संरचना को ठीक करता है जिससे भविष्य में होने वाले दर्द से बचा जा सकता है। योग का अभ्यास हमारे मन को संयमी बनाता है। योगाभ्यास से दुबला पतला व्यक्ति भी ताकतवर और बलवान बन जाता है। योग आपको अनुशासन समझाता है, योग आपके मन को तैयार करता है, योग आपको मैच्योर बनाता है, योग आपको अंधकार से बचाता है। योग उनके लिए है जो अपना जीवन सच में बदलना चाहते हैं, जो इस ब्रह्मांड के सत्य को समझना चाहते है, जो शक्ति सम्पन्न होना चाहते हैं और योग उनके लिए भी हैं जो हर तरह से स्वस्थ होना चाहते हैं। योग आपको स्वस्थ और सुंदर बनाता है। आप चाहे किसी भी धर्म से हो, यदि आप स्वयं को बदलने के लिए वचनबद्ध है तो योग आपकी मदद अवश्य करेगा। अब आप स्वयं तय करें कि आप योग क्यों करना चाहते है और क्यों नहीं करना चाहते हैं । हम आपको यही सलाह देंगे, नियमित योग करे! अपने तन और मन को स्वस्थ रखे।

**रोग रखे दूर :**

योग से श्वास की गति पर नियंत्रण बढ़ता है जिससे श्वास सम्बन्धित रोगों में बहुत लाभ मिलता है जैसे दमा, एलर्जी, साइनोसाइटिस, पुराना नजला, सर्दी-जुकाम आदि रोगों में तो योग का ही अंग प्राणायाम बहुत फायदेमंद है। ऐसे आसन जिनमें कुछ समय के लिये सांस को रोक कर रखा जाता है। जो हृदय, फेफड़े और धमनियों को स्वस्थ रखने में सहायक होता है। ऐसे आसन आपके दिल को फिट रखते हैं। इससे फेफड़ों को ऑक्सीजन लेने की क्षमता बढ़ती है जिससे शरीर की कोशिकाओं को ज्यादा ऑक्सीजन मिलता है। जिससे शरीर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**रक्त संचार को सही करता है :**

विभिन्न प्रकार के योग और प्राणायाम से शरीर में रक्त का प्रभाव ठीक होता है। नित्य योग से मधुमेह का लेवल घटता है। यह बैड कोलेस्ट्रोल को कम करता है इस कारण मधुमेह के रोगियों के लिए योगा बेहद आवश्यक है। सही रक्त संचार से शरीर को ऑक्सीजन और पोषक तत्वों का संवहन अच्छा होता है जिससे त्वचा और आन्तरिक अंग स्वस्थ बनते हैं।

## वन-टू-वन

### मांगों लेकर नर्से 25 से जा सकती है हड़ताल पर

**ग्वालियर।** अपनी मांगों को लेकर नर्से 10 जून से लगातार चरणवद्ध आंदोलन के बाद भी अब तक सरकार ने न तो इनसे कोई बात की और न ही इनकी मांगों पर कोई विचार किया। सरकार द्वारा किए जा रही अनसुनी से नाराज नर्सेस अब हड़ताल पर जाने की तैयारी कर रहीं है। प्रदेश व्यापी ये हड़ताल नर्सेस एसोसिएशन के बैनर तले 25 जून से नर्सेस हड़ताल पर जा सकती है। आंदोलन कर रहीं शासकीय मेडिकल कॉलेज की नर्सेस को अब स्वास्थ्य विभाग की नर्सेस ने भी अपना समर्थन दे दिया है। स्वास्थ्य विभाग की नर्सेस ने नर्सेस एसोसिएशन के बैनर तले बीते रोज सिविल सर्जन को ज्ञापन देकर साफ बता दिया कि यह आंदोलन अब रूकेगा नहीं। अगर नर्र्सो की हड़ताल हुई तो जयारोग्य अस्पताल से लेकर जिला अस्पताल मुरार सहित सभी सरकारी अस्पतालों में स्वास्थय सेवाएं चरमरा जाएगी।

### युवक और इलेक्ट्रिशियन ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**ग्वालियर।** शहर के जनकगंज थाना क्षेत्र के गोल पहाड़िया पर स्थित शंकर कालोनी में बीती रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं सिरोल थाना क्षेत्र के सचिन तेंदुलकर मार्ग पर स्थित हरदौल गार्डन के पास रहने वाले इलेक्ट्रिशियन ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शंकर कालोनी निवासी रूपकिशोर पुत्र ध्रुव सिंह जाटव आईटीआई कर रहा था। एक साल पहले ही उसकी शादी हुई थी। उसकी पत्नी मायके में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए टीकमगढ़ गई है। रूपकिशोर भी पिता के साथ शादी में शामिल होने के लिए गया था। पिता-पुत्र गुरुवार की सुबह ही टीकमगढ़ से लौटकर आए है। शादी समारोह में आने के बाद रूपकिशोर दिनभर पिता के साथ दुकान पर बैठा। रात को घर आया। खाना खाकर कमरे में सोने के लिए चला गया। सुबह कमरे में उसका शव फांसी पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही जनकगंज थाना पुलिस मौके पर आ गई और युवक के शव पीएम के बाद स्वजन को सौंप मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। वहीं सिरोल थाने के हरदौल गार्डन के पास स्थित न्यू बस्ती में निवास करने वाला भारत सिंह पुत्र सुरेश सिंह कदम बिजली का काम करता था। । भारत गुरुवार की रात को घर आया और कमरे में चला गया। कुछ समय बाद ही उसका शव फांसी पर लटका मिला।

### रामकिशन शर्मा ने लगवाई वैक्सीन कलेक्टर ग्वालियर को दी दुआएें

**ग्वालियर।** जिला स्वास्थ विभाग के सहयोग से कान्फेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा आज से मोबाइल वैन वैक्सीनेशन शुरू किया गया है। इस वैक्सीनेशन का उद्धेश्य बाजार बाजार जाकर व्यापारियों को, उनके कर्मचारियों को, हम्बाल, पल्लेदार और ग्राहकों को वैक्सीनेट करना है। आज इसका शुभारंभ लोहिया बाजार से किया गया तत्पश्चात दौलतगंज, टोपी बाजार, दही मण्डी में वैक्सीनेशन कार्य संपन्न हुआ।

## ऊर्जा मंत्री तोमर ने ग्वालियर में झाड़ियां और घोंसले साफ किए

# उतरते ही बोले: मेंटेनेंस की हकीकत दिख रही है

**ग्वालियर।** कमलनाथ कैबिनेट में मंत्री रहते हुए नाली, गड्ढों में कूदकर सफाई व्यवस्था की पोल खोलने वाले प्रद्युम्न सिंह तोमर अपने कार्यों से चर्चा में रहते हैं। ऊर्जा मंत्री तोमर शुक्रवार को ट्रांसफार्मर और पोल पर चढ़कर अनोखे अंदाज में सफाई व्यवस्था की पोल खोलते दिखे।

शुक्रवार सुबह मोतीझील बिजली कंपनी के कार्यालय पर निरीक्षण कर लौट रहे मंत्री को कार्यालय के सामने ट्रांसफार्मर पर चिड़ियों का घोंसला, झाड़ियां, बेल उगी दिखीं। यहां रुकने के बाद ऊर्जा मंत्री तोमर ने अफसरों के सामने पहले आंखे तरेरीं और उनको आईना दिखाने खुद सीढ़ी मंगाकर ट्रांसफार्मर पर चढ़ गए। उन्होंने खुद झाड़ियों को साफ किया। नीचे उतरकर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मेंटेनेंस की हकीकत दिख रही है। दोषी कर्मचारी प्रशासनिक सर्जरी के लिए तैयार रहें। उन्हें इस लापरवाही पर नोटिस दिया है। बिजली कंपनी साल में दो बड़े मेंटेनेंस करती है। एक प्री-मानसून और दूसरा पोस्ट-मानसून। प्री-मानसून में ज्यादातर यही होता है कि ट्रांसफार्मर की प्रॉपर सर्विस के साथ-साथ ट्रांसफार्मर, पोल व तारों के आसपास पेड़ की झाड़ियां, चिड़ियों के घोसले हटाए जाते हैं। इससे मानसून के समय ट्रिपिंग का कारण यह झाड़ियां और पेडों की डाले न बनें। इस कारण घंटों बिजली गुल रहने पर जनता परेशान होती है। पर इसकी जमीनी हकीकत शुक्रवार सुबह उस समय दिखाई दी, जब प्रदेश के ऊर्जामंत्री अपने गृह जिला में विद्युत कंपनी के मोतीझील कार्यालय पहुंचे। वह सुबह औचक निरीक्षण के मूड में गए थे। पर वह उस समय दंग रह गए जब देखा कि कार्यालय के सामने ट्रांसफार्मर पर झाड़ियां उग रहीं थीं। चिड़िया का पुराना घोसला बना था। इस पर वह काफी नाराज हुए।





#### खुद ट्रांसफार्मर पर चढ़े

इसके बाद ऊर्जा मंत्री तोमर ने सीढ़ी मंगाई, करंट से बचने रबर ग्लब्ज पहने और ट्रांसफार्मर पर चढ़ गए। जब मंत्री सीढ़ी पर चढ़े थे तो अफसरों के सिर नीचे झुके थे। मंत्री ने चिड़िया का पुराना घोसला हटाया, झाड़ियां हटाकर सफाई की।

# ससुराल में ससुर की रिवॉल्वर चेक कर रहा था सराफा कारोबारी, गोली चलने से मौत



**ग्वालियर।** ग्वालियर के 32 वर्षीय सराफा कारोबारी की ससुराल में गोली लगने से मौत हो गई। मथुरा के धौलीप्याऊ इलाके में सराफा कारोबारी की ससुराल है। वह पत्नी के साथ ददिया ससुर को देखने के लिए गए थे। इसी दौरान ससुर की लाइसेंसी रिवॉल्वर देखने लगे, तभी अचानक गोली चली और सीने में लगी। युवक को परिजन तत्काल अस्पताल ले गए लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। कारोबारी की मां की डेढ़ माह पहले ही कोरोना से मौत हुई थी। इस घटना से सराफा बाजार के व्यापारियों में शोक की लहर छा गई है। इसके चलते गुरुवार को सभी व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे।

सराफा कारोबारी राजेंद्र प्रसाद गर्ग निवासी महाराणा प्रताप नगर की दुकान सराफा बाजार में ज्वाला प्रसाद नारायण दास ज्वैलर्स के नाम से है। उनका इकलौता बेटा विपुल(31) पूरा कारोबार संभालता था। विपुल की दो बेटियां हैं। राजेंद्र की पत्नी मधु का कोरोना के चलते 26 अप्रैल को निधन हो गया था। विपुल के मामा स्वतंत्र गोयल ने बताया कि विपुल के ददिया ससुर की तबीयत खराब है। इसके चलते वह अपनी पत्नी श्वेता के साथ बुधवार को मथुरा के धौलीप्याऊ स्थित ससुराल गए थे। ददिया ससुर से मिलने के बाद वह ससुराल में ऊपर कमरे में चले गए। यहां कमरे में कोई और नहीं था। इसी दौरान वह ससुर हरिओम अग्रवाल की रिवॉल्वर देखने लगे। तभी अचानक गोली चल गई, जो उनके सीने में लगी। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही एसपी सिटी मार्तण्ड प्रकाश सिंह अस्पताल पहुंचे। एसपी सिटी ने क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर अमित बैनीवाल को रिवॉल्वर जब्त करने के निर्देश दिए हैं। गोली कैसे चली और सीने में कैसे लगी यह स्पष्ट नहीं हो सका है। इसके लिए जांच कराई जा रही है।

बुधवार को ही थाने में जमा रिवॉल्वर लेकर आए थे ससुर: विपुल के ससुर हरिओम अग्रवाल की लाइसेंसी रिवॉल्वर उप्र में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के चलते कोतवाली थाने में जमा थी। बुधवार सुबह ही वे थाने से रिवॉल्वर लेकर आए थे, लेकिन उन्हें क्या पता था कि ऐसा हादसा हो जाएगा।

जन्मदिन के छह दिन बाद मां की मौत: विपुल का जन्मदिन 20 अप्रैल को था। उसके जन्मदिन के छह दिन बाद ही कोरोना ने उससे मां को छीन लिया। जैसे-तैसे परिवार इस दुख से उबर रहा था। अब इकलौते बेटे की मौत ने राजेंद्र प्रसाद गर्ग के परिवार की खुशियां छीन लीं। गुरुवार को शव ग्वालियर पहुंचा। इसके बाद अंतिम संस्कार किया गया।

### बाजार गया था युवक, घर में घुसकर की छेड़छाड़, बच्चे को जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक महिला के साथ उसके ही पति के दोस्त ने दुष्कर्म कर दिया। इतना ही नहीं महिला को पीटा और धमकाया। घटना उपनगर ग्वालियर के किलागेट की है। घटना के समय महिला का पति बाजार गया था। मामले की शिकायत ग्वालियर थाना में की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी फरार है। उपनगर ग्वालियर जामा मस्जिद के पीछे किला गेट निवासी 22 वर्षीय महिला अपने पति एक बच्चे के साथ रहती है। दो दिन पहले महिला का पति खरीदारी करने बाजार गया था। तभी पति का दोस्त धर्मेन्द्र करोसिया उनके घर पर आया। धर्मेन्द्र ने पति के बारे में पूछा और जब महिला ने मार्केट जाने का बताया तो आरोपी उससे छेड़छाड़ करने लगा। उसने विरोध किया तो आरोपी उसे जबरन घसीटकर अंदर वाले कमरे में ले गया और बच्चे को मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। वारदात के बाद आरोपी वहां से धमकाता हुआ भाग गया।

# कर्ज के तनाव में दे दी जान इलेक्ट्रीशियन चलाता था सोसायटी



**ग्वालियर।** ग्वालियर में कर्जदारों के बार-बार दरवाजे पर आकर परेशान करने से तनाव में आए युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना शुक्रवार को हरदौल गार्डन सिरोल की है। मृतक इलेक्ट्रीशियन था। साथ ही वह सोसायटी भी चलाता था। लॉकडाउन में उसने कई लोगों से पैसा लिया पर जिनको दिया उन्होंने नहीं लौटाया। जिन्होंने पैसा दिया था वह उसे परेशान कर रहे थे। जिस कारण वह कई दिन से तनाव में था। शुक्रवार सुबह उसने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को निगरानी में लेकर मर्ग कायम कर लिया है। कौन परेशान कर रहा था यह पता नहीं चल सका है। सिरोल के हरदौल गार्डन के पास रहने वाले भारत सिंह कदम पुत्र सुरेश सिंह कदम इलेक्ट्रीशियन था। साथ ही सोसायटी बिजनिस भी चलाता था। सोसयटी में कई लोगों का ग्रुप बनाकर वह पैसे जमा कराता। हर महीने एक सदस्य एक महीने की जमा रकम को ब्याज पर उठाता है। ऐसे ही हर सदस्य का एक बार टर्न आता है। पर कुछ दिन से कर्ज के चलते वह परेशान चल रहा था। लोग उसके घर तक आने लगे थे। शुक्रवार को वह गार्डन में गया वहां दुपट्?टा का फंदा बनाकर कूंदे पर अटकाया और फांसी लगाकर जान दे दी। घटना का पता चलते ही परिजन ने उसे उतारने का प्रयास किया।

# साझा प्रयासों से चिकित्सा के क्षेत्र में ग्वालियर-चंबल अंचल की दिल्ली पर निर्भरता कम हुई है : तोमर

**ग्वालियर।** ग्वालियर-चंबल अंचल की चिकित्सा के क्षेत्र में दिल्ली और अन्य बड़े शहरों से निर्भरता कम करने के लिये केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा पूरा सहयोग दिया जा रहा है। सभी के साझा प्रयासों से जयारोग्य चिकित्सालय समूह से लेकर दोनों संभागों के जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। यह बात केन्द्रीय कृषि, किसान कल्याण, ग्रामीण विकास, पंचायतीराज एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कही। श्री तोमर ग्वालियर - चंबल संभाग के सभी आठों जिलों को चिकित्सा उपकरणों का वितरण कर रहे थे। राज्यसभा सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह, सांसद ग्वालियर श्री विवेक नारायण शेजवलकर व सांसद गुना श्री के पी एस यादव भी मंचासीन थे।

केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को यहाँ जीवाजी विश्वविद्यालय स्थित अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हुए कार्यक्रम में ग्वालियर-चंबल संभाग के 8 जिलों को 68 हजार 500 से अधिक चिकित्सा उपकरण वितरित किए गए। इन चिकित्सा उपकरणों में ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर, सिलेण्डर, नेसल कैनुला और नॉन रीब्रीथर मास्क इत्यादि उपकरण शामिल हैं। केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर सहित अन्य अतिथियों ने दोनों संभागों के सभी जिलों से आए जनप्रतिनिधियों एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को मंच से प्रतीक स्वरूप चिकित्सा उपकरण सौंपे। इसके बाद चिकित्सा उपकरणों से भरे वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर संबंधित जिलों के लिए रवाना किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि ग्वालियर-चंबल संभाग में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की कड़ी में दोनों संभाग के डेढ़ दर्जन सरकारी अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने का काम जारी है। साथ ही ग्वालियर-चंबल अंचल के लगभग डेढ़ दर्जन अस्पतालों में पोर्टेबल एक्स-रे मशीनें दी गई हैं। इसके अलावा जिला चिकित्सालयों की पुरानी मशीनों को डिजिटल एक्स-रे मशीनों में तब्दील कराया गया है। ग्वालियर के आरोग्यधाम, जिला चिकित्सालय श्योपुर व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अम्बाह में सीटी स्कैन मशीन उपलब्ध कराई गई हैं। मुरैना व श्योपुर जिले को 8 एम्बूलेंस व जिला चिकित्सालय मुरैना में ब्लड सेपरेटर मशीन उपलब्ध कराई गई है। केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ कोरोना से निपटने के प्रयास किए हैं, जिसके सार्थक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा कोरोना की दूसरी लहर में सामने आईं चिकित्सा संबंधी समस्याओ से निपटने में भी सरकार ने पूरी दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ काम किया है। साथ ही कोरोना की तीसरी लहर को रोकने के लिए टीकाकरण महाअभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को भी निःशुल्क कोरोना टीका लगाने का निर्णय लिया है। केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कोविड प्रोटोकॉल का पालन और टीकाकरण के जरिए ही हम कोरोना को हरा सकते हैं। उन्होंने कहा इसके लिए पोलियो टीकाकरण की तरह तेज गति से कोरोना टीकाकरण अभियान चलाना होगा। उन्होंने आह्वान किया कि इस पुनीत अभियान में सभी लोग सहभागी बनें। अपनी जान जोखिम में डालकर शासकीय दायित्वों के साथ-साथ मानवीय दायित्वों का निर्वहन करने वाले मेडीकल व पैरामेडीकल स्टाफ, जिला प्रशासन, सफाई कर्मी और विभिन्न विभाग के शासकीय सेवकों, पुलिस कर्मियों, सामाजिक संस्थाओं के प्रति श्री तोमर ने धन्यवाद व्यक्त किया।

कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार ने कोरोना से निपटने के लिये पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रयास किए हैं।

PRABAL RAJAWAT
(medicine counselor)
M.9584013254
Air SON PHARMA
PRASHANT BHADOURIYA
M.8279318693
Patient Home Care Services
we care for you
24 hours healthcare facilities at home Patient and child care taker facilities male and female All nursing care at home Hospital duty SOS .nursing staff available All specialist and consalting at your home Blood urin sample collect your home
Shivendra singh
(Gwalior diagnostic)
M.9713193637
Near madhav plaza lashkar Gwalior 474001

SOMYA GROUP
सौम्या डिजिटल सर्विसेस
सभी प्रकार के ऑनलाईन कार्य किये जाते है।
आयुष्मान कार्ड | फोटो कॉपी | पेन कार्ड
अर्जेन्ट फोटो | वाहन बीमा | कलर प्रिन्ट
खसरा खतौनी | रेल्वे/बस टिकट | लाईट बिल
कॉलेज / स्कूल फीस | आय प्रमाण | MOBILE/DTH
जीवन प्रमाण पत्र | मूल निवासी | आय/जाति
समग्र आईडी | बिल भुगतान | ड्रायविंग लायसंस
हेल्थ इंन्सोरेन्स | पर्सनल इंन्सोरेन्स | वाहन बीमा
9713253992, 8889981102

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478